www.tamsasanket.com
वर्षः 06 || अंक 102 || लखनऊ
रविवार
12 जुलाई 2026 || पृष्ठः 08 || मूल्यः ₹ 2
आज़ादी का अमृत महोत्सव
समूह संपादक- डॉ. ओ.पी. मिश्रा
https://epaper.tamsasanket.com

# दैनिक तमसा संकेत

डॉ. लोहिया की जन्म भूमि से सर्वप्रथम प्रकाशित समाचार पत्र
लखनऊ व अम्बेडकर नगर से एक साथ प्रकाशित

**मौसम**
सूर्योदयः 05:20
सूर्यास्तः 07:03
अधिकतमः 36°00
न्यूनतमः 29°00




विशेष समाचार | अनशन, असहमति और लोक... >> पेज 04 | आईटी कंपनी मालिक समेत चार... >> पेज 06 | दोस्त आकांक्षा रंजन के संगीत में...

### नृपेंद्र मिश्रा बोले- चढ़ावा चोरी कलंक, छोटापन महसूस कर रहा ■ साथ ही मिलेंगे ये नए अधिकार

# राममंदिरः रिटायर आईएएस बनेगा सीईओ

## नए पद से मंदिर की व्यवस्था अधिक पारदर्शी, पेशेवर और जवाबदेह बनाने का लक्ष्य

**सुधार**

तमसा संकेत, एजेंसी

**अयोध्या।** अयोध्या राम मंदिर चढ़ावा चोरी मामले में निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्रा ने शनिवार को कहा- "यह एक तरह का कलंक है। इसका हम सभी को सिर्फ खेद ही नहीं है, बल्कि हम खुद को छोटा महसूस कर रहे हैं। मुझे पूरा विश्वास है कि व्यवस्था में सुधार होगा और इस तरह की घटनाएं दोबारा नहीं होंगी।"

उन्होंने कहा- एक हाईलेवल समिति बनाई गई है। संभवतः जज उसके अध्यक्ष हैं। वे अपना निर्णय और संस्तुति ट्रस्ट को देंगे। ट्रस्ट उस पर विचार करेगा।



नृपेंद्र मिश्रा राम मंदिर निर्माण समिति की दूसरे दिन की बैठक में हिस्सा लेने शनिवार को रामकथा संग्रहालय पहुंचे। इससे पहले शुक्रवार को राम मंदिर परिसर में हुई बैठक में ट्रस्ट का कोई सदस्य नहीं पहुंचा था। >> (शेष पेज 06 पर)

### चोरी से घर नहीं, चोरों का अंत होता हैःसंजय निषाद

संत कबीर नगर में यूपी सरकार के मंत्री संजय निषाद ने राम मंदिर चढ़ावा चोरी मामले पर कहा कि चोरी की घटना से मंदिर की आस्था पर कोई असर नहीं पड़ता। राम, राम हैं और मंदिर, मंदिर है। अगर किसी घर में चोरी हो जाए तो घर का अस्तित्व खत्म नहीं होता, बल्कि चोरों का अंत होता है। उन्होंने आगे कहा कि मुख्यमंत्री योगी ने दोषियों के खिलाफ कार्रवाई का वादा किया था, जिसे पूरा किया गया। योगी जी ने कहा था कि चोरों को जेल भेजेंगे और उन्हें सजा दिलाएंगे। आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। अब उन्हें सजा दिलाने की कानूनी प्रक्रिया चल रही है।

### चढ़ावा चोरी में आरएसएस, विहिप और ट्रस्ट सभी शामिल : अजय राय

लखनऊ में उत्तर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने राम मंदिर चढ़ावा चोरी मामले को लेकर भाजपा, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, विश्व हिंदू परिषद और श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट पर गंभीर आरोप लगाए। अजय राय ने कहा- ये सभी लोग इस मामले में शामिल हैं। चंपत राय यह पैसा अपने घर नहीं ले गए। इस चोरी की कड़ी RSS मुख्यालय से लेकर प्रधानमंत्री कार्यालय तक जुड़ती है।ट्रस्ट का पूरा कामकाज उसके अध्यक्ष की निगरानी में चलता है। अगर लूट हुई है, तो इसकी जिम्मेदारी भी तय होनी चाहिए। भगवान राम के चढ़ावे का पैसा सभी तक पहुंचा है।

# देश के 70% हिस्से से मानसूनी बादल गायब

## राजस्थान समेत 7 राज्यों में अगले 5 दिन बारिश नहीं

तमसा संकेत, एजेंसी

**लखनऊ।** पूर्वी मध्य प्रदेश, पूर्वी उत्तर प्रदेश, राजस्थान, गुजरात, महाराष्ट्र समेत देश के 7 राज्यों में अगले 5 दिन कम बारिश होने की संभावना है। ऐसा इसलिए, क्योंकि देश के 70% हिस्से से बादल गायब हो गए हैं।

IMD की नई सैटेलाइट तस्वीरों और विंडी.कॉम के मुताबिक बादल पूर्व और पूर्वोत्तर के राज्यों जैसे- उत्तराखंड, यूपी, बिहार, मेघालय, मिजोरम और त्रिपुरा की तरफ चले गए हैं।

इधर के देश के जिन हिस्सों में मानसून थोड़ा बहुत सक्रिय है, वहां सड़कों पर पानी भरने, नदियो में बाढ़ आने जैसी घटनाएं हो रही हैं।




■ उत्तराखंड में बारिश-लैंडस्लाइड से 120 सड़कें बंद

यूपी के हापुड़ में तेज बारिश से अंडरपास में पानी भर गया। बिजनौर में गंगा और उसकी सहायक मालन नदी उफान पर है। प्रदेश में 3 दिन में 15 लोगों की मौत हो चुकी है। >> (शेष पेज 06 पर)

**फास्ट न्यूज**

### दिलजीत की 'सतलुज' से बैन नहीं हटेगा

**नई दिल्ली।** दिलजीत की फिल्म 'सतलुज' प्रतिबंधित ही रहेगी। इससे बैन न हटाने की सिफारिश केंद्रीय कमेटी ने भी कर दी है। न्यूज एजेंसी PTI ने सरकारी सूत्रों के हवाले से जानकारी दी है कि केंद्र की ओर से फिल्म 'सतलुज' की सामग्री की जांच के लिए गठित समिति ने कथित तौर पर सिफारिश की है कि ऑनलाइन स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म के माध्यम से इसके सार्वजनिक प्रसारण पर प्रतिबंध बरकरार रहना चाहिए।

### ओडिशा में एटीएम को थार से बांधकर उखाड़ा

**भुवनेश्वर।** ओडिशा के बालासोर जिले के तुड़ीगड़िया बाजार में फिल्मी तरीके से ATM लूटने की घटना सामने आई है। तीन से चार बदमाश शुक्रवार रात करीब 2 बजे काले रंग की महिंद्रा थार SUV से इंडिया1 एटीएम कियोस्क आए। उन्होंने कियोस्क का दरवाजा तोड़ा और ATM को रस्सी से थार में बांधकर उखाड़ लिया। फिर ATM को सड़क पर घसीटते हुए ले जाने लगे, लेकिन रस्सी टूट गई। चोरों ने मशीन को उठाकर गाड़ी में रखने की कोशिश की लेकिन मशीन इतनी भारी थी कि उनसे नहीं उठ पाई। इसके बाद उन्होंने मशीन को फिर गाड़ी से बांधकर आगे घसीटा। सुनसान जगह पर पहुंचकर आरोपियों ने ATM को तोड़कर उसमें रखा कैश निकालने की कोशिश की, लेकिन वे सफल नहीं हो सके।

### शरद पवार ने महाराष्ट्र सरकार की तारीफ की

**मुंबई।** NCP(SCP) के अध्यक्ष शरद पवार ने महाराष्ट्र सरकार की किसान कर्जमाफी योजना में हुए बदलाव की तारीफ की। उन्होंने कहा कि सरकार के इस फैसले से लाखों किसानों को फायदा मिलेगा। पवार ने मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस का धन्यवाद भी किया। शरद पवार की पार्टी NCP के NDA में शामिल होने या कांग्रेस में विलय की अटकलें भी हैं। हालांकि, पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष शशिकांत शिंदे ने इन सभी चर्चाओं को अफवाह बताया है।

### रेप पीड़िता, उसकी मां और नानी की हत्या... फिर पत्नी और दो बच्चों को भी उतारा मौत के घाट


# साइको किलर का आतंक

**हत्याकांड**

तमसा संकेत, एजेंसी

**हैदराबाद।** तेलंगाना के रंगा रेड्डी जिले में नाबालिग से रेप के एक आरोपी ने शुक्रवार रात जमानत पर बाहर आते ही 6 हत्याएं कर दीं। पहले उसने अपनी 30 साल की पत्नी, 4 साल और 18 महीने के दो बेटों की हत्या की।

इसके बाद वह करीब 6 किलोमीटर दूर दूसरे गांव पहुंचा। जहां उसने 17 साल की रेप पीड़ित, उसकी मां और नानी को भी मार दिया। लड़की ने 16 मई को पॉक्सो (POCSO) एक्ट के तहत आरोपी राजकुमार के खिलाफ रेप का केस दर्ज कराया था।



### परिवार बोला- पहले ही मारने की धमकी दी थी

लड़की के मामा नरेश ने बताया, उसने मेरी चाची और भांजी की हत्या कर दी। उसने पहले भी लड़की को परेशान किया था और उस पर POCSO के तहत मामला दर्ज किया गया। उसने धमकी दी थी वह एक-दो हफ्ते में पूरे परिवार को मार डालेगा। मामला दर्ज होने के बाद भी उसे पूछताछ या रिमांड के लिए नहीं ले जाया गया। >>(शेष पेज 06 पर)

■ हत्या करने के बाद आरोपी ने अपने परिजनों को फोन कर बताया कि उसने दोनों परिवारों को खत्म कर दिया और वह अब खुद आत्महत्या करने जा रहा है।

### क्या बोली पुलिस?

इस पूरे मामले को लेकर फ्यूचर सिटी के पुलिस कमिश्नर तरुण जोशी ने कहा, श्शुरुआती जांच से पता चलता है कि आरोपी ने रात में दो अलग-अलग जगहों पर हत्याएं कीं। इसके बाद, उसने अपने पिता को फोन किया और अपराध के बारे में बताया। जिसके बाद से आरोपी फरार है। पुलिस की स्पेशल टीमें बनाई गई हैं और हमें कुछ सुराग मिले हैं। आरोपी को जल्द ही पकड़ लिया जाएगा।

# नौसेना में शामिल हुआ स्वदेशी मिसाइल-सेंसर से लैस आईएनएस महेंद्रगिरि

### 75% से ज्यादा हिस्सा भारत में बना ■ आंध्र प्रदेश बनेगा देश का ड्रोन हब

**तकनीक**

तमसा संकेत, एजेंसी

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शुक्रवार को आंध्र प्रदेश के विशाखापट्टनम नेवल डॉकयार्ड में INS महेंद्रगिरि को भारतीय नौसेना में शामिल (कमीशन) किया। महेंद्रगिरि प्रोजेक्ट-17A की नीलगिरि कैटेगरी का छठा स्टेल्थ फ्रिगेट (युद्धपोत) है। इसे बनाने में 75% से ज्यादा स्वदेशी उपकरण और तकनीक का इस्तेमाल किया गया है।

INS महेंद्रगिरि स्वदेशी अत्याधुनिक हथियारों, सेंसर और इलेक्ट्रॉनिक वॉरफेयर सिस्टम से लैस है। यह हवाई हमलों, दुश्मन के जहाजों और पनडुब्बियों से एक साथ मुकाबला करने में सक्षम है। यह हिंद महासागर में भारत की समुद्री सुरक्षा को और मजबूत करेगा। राजनाथ सिंह ने कहा कि आंध्र प्रदेश के कुरनूल में आठ ड्रोन कंपनियों के समूह के साथ 'ड्रोन सिटी' विकसित की जा रही है। >> (शेष पेज 06 पर)



### अब जानिए प्रोजेक्ट 17ए के बारे में...

प्रोजेक्ट-17A (Project 17A) के तहत भारतीय नौसेना के लिए कुल 7 स्टेल्थ गाइडेड-मिसाइल फ्रिगेट बनाए जा रहे हैं। इनमें से 4 युद्धपोत मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स मुंबई बना रहा है। 3 युद्धपोत गार्डन रीच शिप बिल्डर्स कोलकाता बना रहा है। प्रोजेक्ट-17A, प्रोजेक्ट-17 (शिवालिक क्लास) का एडवांस्ड वर्जन है। इसमें पहली बार भारत में बड़े युद्धपोतों के निर्माण में इंटीग्रेटेड कंस्ट्रक्शन (ब्लॉक निर्माण) तकनीक का बड़े पैमाने पर इस्तेमाल किया गया। इसमें जहाज के अलग-अलग हिस्से पहले तैयार किए जाते हैं और बाद में उन्हें जोड़कर पूरा युद्धपोत बनाया जाता है।

# पिता खामेनेई की मौत का बदला लेंगे : मुजतबा

### ट्रम्प बोले- ईरान पर 1000 मिसाइलें तानीं

**चेतावनी**

तमसा संकेत, एजेंसी

तेल अवीव/तेहरान। ईरान के नए सुप्रीम लीडर मुजतबा खामेनेई ने अपने पिता अयातुल्ला अली खामेनेई के अंतिम संस्कार के बाद पहली बार संदेश जारी किया। अल जजीरा के मुताबिक, उन्होंने कहा- 'मैं अपने पिता के बेगुनाह खून का बदला जरूर लूंगा,यह ही हमारे देश की भी इच्छा है।' मुजतबा ने अंतिम संस्कार में शामिल हुए लाखों लोगों का आभार जताया और अपने पिता को श्रद्धांजलि भी दी । उन्होंने कहा कि लोगों की भारी मौजूदगी ने दुश्मनों को करारा जवाब दिया और यह एक ऐतिहासिक पल था। दूसरी ओर, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा कि अगर ईरान ने उनकी हत्या की कोशिश की तो ईरान को पूरी तरह तबाह कर दिया जाएगा। >> (शेष पेज 06 पर)



■ एक्सपर्ट बोले- होर्मुज पर नियंत्रण छोड़ना ईरान को मंजूर नहीं

# जल्द लागू हो सकता है वन नेशन वन इलेक्शन

### संसदीय समिति के अध्यक्ष बोले- 99% लोग पक्ष में ■ राज्यों के विशेषज्ञों से सलाह ले रहे

**चर्चा**

तमसा संकेत, एजेंसी

**नई दिल्ली।** संसद की संयुक्त समिति (JPC) कोशिश कर रही है कि 2029 के लोकसभा चुनावों तक 'वन नेशन वन इलेक्शन' लागू हो सके। समिति के अध्यक्ष पीपी चौधरी के मुताबिक, अब तक चर्चा में शामिल लगभग 99% नागरिक और संगठनों ने इसका समर्थन किया है।

समिति ने गोवा के मुख्यमंत्री और कैबिनेट मंत्रियों सहित कई राज्यों के विशेषज्ञों से इस पर सलाह ली है। गोवा दौरे पर गए समिति के सदस्य और भाजपा सांसद अनुराग ठाकुर ने शुक्रवार को कहा कि बार-बार चुनाव से छोटे राज्य गोवा पर इतना प्रभाव पड़ता है, तो बड़े राज्यों और पूरे देश पर इसका असर और भी ज्यादा होता होगा।

उन्होंने बताया कि समिति का अगला दौरा लखनऊ का होगा, जहां मुख्यमंत्री, विपक्ष के नेता, राजनीतिक दलों और विभिन्न विभागों के अधिकारियों से चर्चा की जाएगी। JPC 17 जुलाई को अपनी रिपोर्ट को अंतिम रूप देकर संसद में पेश करेगी।



■ तस्वीर 23 सितंबर की है, जब दिल्ली के जोधपुर ऑफिसर्स हॉस्टल में वन नेशन-वन इलेक्शन के लिए बनाई कमेटी की बैठक हुई थी।

### वन नेशन, वन इलेक्शन पर सुरक्षित रास्ता भी तलाश रही सरकार

केंद्र सरकार वन नेशन वन इलेक्शन के लिए सुरक्षित रास्ता तलाश रही है। इसके लिए बनी जेपीसी से जुड़े सूत्रों के मुताबिक समिति 'टू-फेज ट्रांजिशन मॉडल' पर विचार कर रही है, जिससे राज्यों में बार-बार चुनाव कराने या विधानसभाओं के कार्यकाल में बहुत बड़ी कटौती करने की जरूरत न पड़े। पूरे देश को एक साथ चुनावी चक्र में लाने के बजाय दो चरणों- 2029 और 2034 में बढ़ने का विकल्प सबसे व्यावहारिक माना जा रहा है। पहले चरण में 2029 के लोकसभा चुनाव के साथ करीब 20 राज्यों के विधानसभा चुनाव कराए जा सकते हैं।

■ मुख्यमंत्री, मुख्य सचिव और विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने समिति को बताया कि बार-बार चुनाव से प्रशासनिक कामकाज पर बड़ा असर पड़ता है। चुनाव आचार संहिता लागू होने से कई विकास कार्य और सरकारी योजनाएं प्रभावित होती हैं।
-अनुराग ठाकुर, भाजपा सांसद

संयुक्त संसदीय समिति (JPC) की अवधि 2026 के मानसून सत्र तक बढ़ाई जा चुकी है। ऐसे में 2029 से चुनावी चक्र एक करने की प्रक्रिया शुरू हो सकती है। >> (शेष पेज 06 पर)

### चेतावनी : मुकदमों की सुनवाई में तेजी नहीं लाने पर महाराष्ट्र सरकार को फटकारा

# आपको पब्लिक में बेनकाब करेंगे : एससी

तमसा संकेत, एजेंसी

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने जमानत का विरोध करने, लेकिन मुकदमों की सुनवाई में तेजी नहीं लाने पर महाराष्ट्र सरकार को कड़ी फटकार लगाई है। कोर्ट ने कहा कि राज्य सरकार हर मामले में जमानत का विरोध करती है, लेकिन ट्रायल जल्द पूरा कराने के लिए जरूरी कदम नहीं उठाती। कोर्ट ने चेतावनी दी कि अगर यही स्थिति रही तो वह सरकार को पब्लिक में बेनकाब करेगा।

PTI की रिपोर्ट के मुताबिक जस्टिस अहसानुद्दीन अमानुल्लाह और जस्टिस शील नागू की बेंच एक विदेशी नागरिक की जमानत याचिका पर सुनवाई कर रही थी। आरोपी अपहरण और हत्या के मामले में गिरफ्तार है। उसने कोर्ट को बताया कि वह पिछले चार साल से जेल में है और इस दौरान उसका मामला ट्रायल कोर्ट में 86 बार लिस्ट हुआ, लेकिन उसे 53 बार कोर्ट में पेश ही नहीं किया गया।



### चार साल में सिर्फ दो गवाहों की गवाही

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि आरोपी को ट्रायल कोर्ट में पेश नहीं करना महाराष्ट्र सरकार की गंभीर चूक है। अदालत ने कहा कि चार साल में 34 में से सिर्फ दो गवाहों की गवाही हो पाई है। यह स्थिति परेशान करने वाली है।

### 'अब हर तारीख पर पेश किए जा रहे आरोपी'

महाराष्ट्र सरकार की ओर से पेश वकील ने अदालत को बताया कि अब राज्य सभी आरोपियों को हर सुनवाई की तारीख पर ट्रायल कोर्ट में पेश कर रहा है। इस पर सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि राज्यों को मुकदमों की सुनवाई तेज करने के लिए स्पष्ट नीति बनानी चाहिए। अदालत ने ट्रायल कोर्ट को निर्देश दिया कि हर सप्ताह कम से कम चार गवाहों की गवाही दर्ज की जाए और इस आदेश को रिकॉर्ड पर रखा जाए।

हमें हर दिन महाराष्ट्र से ऐसे मामले मिलते हैं। आप लोग जमानत का तो पूरी ताकत से विरोध करते हैं, लेकिन मुकदमों को तेजी से पूरा करने के लिए कोई कदम नहीं उठाते। जब हम मामले की जांच करते हैं, तो पता चलता है कि सबूत बहुत कमजोर हैं। हम आपको जनता के सामने बेनकाब कर देंगे। ■ महाराष्ट्र सरकार को सुप्रीम कोर्ट की फटकार

### आईएनएस महेंद्रगिरि नौसेना में शामिल

विशाखापत्तनम। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शुक्रवार को आंध्र प्रदेश के विशाखापट्टनम नेवल डॉकयार्ड में INS महेंद्रगिरि को भारतीय नौसेना में शामिल (कमीशन) किया। महेंद्रगिरि प्रोजेक्ट-17A की नीलगिरि कैटेगरी का छठा स्टेल्थ फ्रिगेट (युद्धपोत) है। इसे बनाने में 75% से ज्यादा स्वदेशी उपकरण और तकनीक का इस्तेमाल किया गया है। INS महेंद्रगिरि स्वदेशी अत्याधुनिक हथियारों, सेंसर और इलेक्ट्रॉनिक वॉरफेयर सिस्टम से लैस है। यह हवाई हमलों, दुश्मन के जहाजों और पनडुब्बियों से एक साथ मुकाबला करने में सक्षम है। यह हिंद महासागर में भारत की समुद्री सुरक्षा को और मजबूत करेगा। राजनाथ सिंह ने कहा कि आंध्र प्रदेश के कुरनूल में आठ ड्रोन कंपनियों के समूह के साथ 'ड्रोन सिटी' विकसित की जा रही है।

### सीएम बोले- भाजपा का विकास सपा-कांग्रेस पचा नहीं पा रहीं

# सपा का इतिहास रामभक्तों के खून से सना : सीएम

**बयान**

हेमन्त कृष्ण

तमसा संकेत, गोरखपुर, लखनऊ। CM योगी शनिवार को तीन दिवसीय दौरे पर गोरखपुर पहुंचे हैं। उन्होंने कहा कि जाति के नाम पर बांटने की विपक्ष की जो साजिश है, वह विकास के राह में बाधा डालने की साजिश है। जब कांग्रेस व सपा थी तो विकास नहीं होता था। हिन्दुओं का अपमान होता है।

आज कांग्रेस के एक नेता का बयान था कि उन्होंने कभी नहीं किया कि राम काल्पनिक हैं। जबकि कांग्रेस ने सुप्रीम कोर्ट में शपथ पत्र देकर भगवान राम व कृष्ण को काल्पनिक मानने की साजिश की थी। कांग्रेस लगातार भारत के मान-सम्मान को अपमानित करते रहे। >> (शेष पेज 06 पर)



मातृत्व शिशु एवं बालिका मदद योजना के अंतर्गत इंदल निषाद व राहुल कुमार को 31-31 हजार का चेक दिया गया। मृतक श्रमिक स्व.हरिलाल के आश्रित विजय कुमार को 2 लाख रुपये का चेक दिया गया।

### योगी बोले- विकास की गति बढ़ रही है

योगी ने कहा कि यह काम इसलिए हो पा रहा है कि आपने अच्छे जनप्रतिनिधि चुनकर भेजे हैं। अच्छे विधायक, अच्छे ब्लाक प्रमुख और मुझे तो आप हमेशा वोट देते रहे हैं। अभी बालापार-टिकरिया मार्ग बन रहा है। चिउटहा से कोनी तक फोरलेन मार्ग बन रहा है। इन मार्गों के बनने का मतलब विकास की स्पीड को उतनी की गति से आगे बढ़ाने का कार्य है।

## अपने समाज के युवाओं के साथ कर रहे हैं सरेआम गद्दारी : विनय पटेल

# 'सत्ता की मलाई खा रहे सहयोगी दल'

**चेतावनी**

तमसा संकेत, संवाददाता



लखनऊ। आम आदमी पार्टी उत्तर प्रदेश के अयोध्या प्रांत अध्यक्ष विनय पटेल ने हाल ही में अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा कृषि विभाग में निकाली गई 'कृषि प्राविधिक सहायक भर्ती' में हुए बड़े आरक्षण घोटाले का पर्दाफाश किया है। विनय पटेल ने बताया कि 2759 पदों पर निकली इस भर्ती में एससी, एसटी और ओबीसी समाज को संवैधानिक रूप से 1380 पद मिलने चाहिए थे, लेकिन सरकार ने षड्यंत्र के तहत मात्र 792 पद देकर पिछड़ों और दलितों की 588 नौकरियां छीन लीं। उन्होंने चेतावनी दी कि आरक्षण पर डाका डालने वाली इस सामंतवादी सोच वाली भाजपा सरकार को उत्तर प्रदेश का युवा आगामी चुनावों में आईना दिखाने का काम करेगा। विनय पटेल ने कहा कि भाजपा का यह आरक्षण विरोधी चेहरा नया नहीं है; 2021 की 69,000 शिक्षक भर्ती में भी 27% के बजाय मात्र 3% आरक्षण देकर 6,000 से अधिक पद हड़प लिए गए थे। बांदा कृषि विश्वविद्यालय की 15 प्रोफेसर भर्तियों में से 11 पर और लखीमपुर सहकारी बैंक की 27 भर्तियों में से 15 पर एक ही जाति विशेष (क्षत्रिय) के लोगों को बैठा दिया गया।

सरकार जानबूझकर संस्थानों का जातिवादी आधार पर भगवाकरण कर रही है और योग्य दलित-पिछड़े छात्रों का गला घोंट रही है।

**कृषि तकनीकी सहायक भर्ती में 588 पदों के आरक्षण घोटाले पर आप के विनय पटेल ने भाजपा को दी चुनावी चुनौती**

### कृषि तकनीकी सहायक भर्तीः पिछड़ों और दलितों के हक पर भाजपा सरकार ने चलाया आरक्षण का बुलडोजर

विनय पटेल ने आंकड़ों के साथ सरकार को घेरते हुए कहा कि कृषि प्राविधिक सहायक भर्ती के 2759 पदों में ओबीसी समाज को मात्र 20% और एससी समाज को केवल 8% आरक्षण दिया गया, जबकि ईडब्ल्यूएस (EWS) का 10% कोटा पूरी तरह सुरक्षित रखा गया। इस धांधली के कारण ओबीसी समाज को 573, एससी को 213 और एसटी को मात्र 6 पद मिले, जिससे कुल 588 आरक्षित पद कम हो गए। यह सीधे तौर पर पिछड़ों और दलितों के संवैधानिक अधिकारों की हत्या है, जिसे आम आदमी पार्टी कतई बर्दाश्त नहीं करेगी।

### चुनावी बिगुलः अब 'भारत माता की जय' के साथ गूंजेगा आरक्षण की रक्षा और सरकार की विदाई का नारा

प्रेस वार्ता के अंत में विनय पटेल ने हुंकार भरते हुए कहा कि भाजपा जब भी फंसती है, तो 'हिंदू खतरे में है' का राग अलापने लगती है, लेकिन असल में भाजपा के राज में इस देश का दलित, पिछड़ा और आदिवासी हिंदू ही सबसे ज्यादा खतरे में है। अब जब चुनाव आएगा, तो युवा वर्ग न केवल भारत माता की जय बोलेगा, बल्कि अपने अधिकारों की रक्षा के लिए भाजपा को सत्ता से बेदखल भी करेगा। प्रदेश का हर वो युवा जिसकी नौकरी इस सरकार ने छीनी है, वह वोट की चोट से इसका हिसाब लेगा।

- आगामी चुनावों में प्रदेश का युवा आरक्षण पर डाका डालने वाली भाजपा को दिखाएगा आईनाः विनय पटेल(अयोध्या प्रांत अध्यक्ष आप यूपी)
- सत्ता की मलाई खा रहे सहयोगी दल अपने समाज के युवाओं के साथ कर रहे हैं सरेआम गद्दारीः विनय पटेल
- आरक्षण छीनकर युवाओं को घाव देने वाली भाजपा सरकार के अंत की शुरुआत अब तय है

\- विनय पटेल

## फर्जी ट्रस्ट डीड से आबीएल बैंक में खुलवाए खाते

### डॉक्टर दंपती पर कोर्ट के आदेश पर मुकदमा

तमसा संकेत, एजेंसी




- जांच में ट्रस्ट डीड फर्जी होने का दावा
- फोन पर जान से मारने की धमकी का आरोप

लखनऊ। लखनऊ में आरबीएल बैंक की इंदिरानगर शाखा के ब्रांच मैनेजर मलय मोहन ने डॉक्टर दंपती पर फर्जी ट्रस्ट डीड के जरिए बैंक खाते खुलवाने, रुपए के लेनदेन में गड़बड़ी और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। मैनेजर ने पुलिस से शिकायत की लेकिन कोई कार्रवाई न होने पर कोर्ट की मदद ली। जिसके बाद कोर्ट के आदेश पर मुकदमा दर्ज हुआ।

ब्रांच मैनेजर मयल मोहन ने पुलिस से की शिकायत में बताया कि साल 2022 में हिंद चैरिटेबल ट्रस्ट की संस्थाओं हिंद इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज, सफेदाबाद (बाराबंकी) और हिंद इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज, अटरिया (सीतापुर) के नाम से आरबीएल बैंक की इंदिरानगर ब्रांच में खाते खोले गए थे। खाते खोलते समय डॉ. अमोद कुमार सचान और उनकी पत्नी ऋचा मिश्रा ने खुद को ट्रस्ट का अधिकृत प्रतिनिधि बताते हुए ट्रस्ट डीड और अन्य केवाईसी दस्तावेज जमा किए थे।

बैंक मैनेजर का आरोप है कि मार्च 2026 में कैसरबाग थाने में दर्ज गबन के मुकदमें की जानकारी मिलने के बाद पुलिस ने ट्रस्ट के खातों के संचालन पर रोक लगाने के निर्देश दिए।

**फास्ट न्यूज**

### यूपी के पिछड़े जिलों से बैंक हटाएगा एटीएम

लखनऊ। बैंकिंग सेवा को आमजन के बहुत करीब पहुंचाने में जुटी केंद्र व प्रदेश सरकार के प्रयासों से बैंकिंग के क्षेत्र में हुए बड़े सुधारों के बीच प्रदेश के आकांक्षी पिछड़े जिलों से बैंक स्वचालित गणक मशीन (एटीएम) की संख्या कम करने में जुटे हैं। बहराइच, बलरामपुर, चंदौली, चित्रकूट, फतेहपुर, श्रावस्ती, सिद्धार्थनगर और सोनभद्र जैसे पिछड़े जिलों से बड़ी संख्या में एटीएम हटाए गए हैं।

### लखनऊ की मेयर सुषमा खर्कवाल का दिल्ली दौरा

लखनऊ। लखनऊ की मेयर सुषमा खर्कवाल ने शनिवार को दिल्ली जल बोर्ड के स्लज मैनेजमेंट प्लांट का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने देखा कि कैसे सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) से निकलने वाले कचरे (स्लज) को आधुनिक तकनीक से रीसायकल करके उससे मजबूत ईंटें बनाई जा रही हैं। इस दौरे में उनके साथ लखनऊ नगर निगम के उपाध्यक्ष सुशील तिवारी 'पम्मी' और कई पार्षद भी शामिल थे।

अधिकारियों ने बताया कि पहले यह कचरा सीधे यमुना नदी में बह जाता था, जिससे प्रदूषण होता था।

### पदभार ग्रहण से पहले रोहित मिश्रा के स्वागत की तैयारी

लखनऊ। भारतीय जनता युवा मोर्चा (भाजयुमो) के नवनियुक्त प्रदेशाध्यक्ष डॉ. रोहित मिश्रा के 12 जुलाई को होने वाले पदभार ग्रहण समारोह को लेकर राजधानी लखनऊ में जोरदार तैयारियां की गई हैं। उनके स्वागत के लिए शहर के प्रमुख चौराहों, सड़कों और प्रमुख मार्गों पर 10 हजार से अधिक बैनर और होर्डिंग लगाए गए हैं।

## पूर्व विधायक भाजपा नेता बृजेश मिश्रा से तीन करोड़ रुपये की ठगी

### विभूतिखंड थाने में दर्ज कराया मुकदमा

तमसा संकेत, एजेंसी




लखनऊ। प्रतापगढ़ के गड़वारा से बहुजन समाज पार्टी से विधायक रहे भाजपा नेता बृजेश मिश्रा 'सौरभ' के साथ बड़ी ठगी हुई है। जालसाजों ने तीन करोड़ रुपये की ठगी की है। पूर्व विधायक की तहरीर पर लखनऊ में मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरु कर दी है। बसपा के बाद समाजवादी पार्टी से अब भाजपा में पहुंचे बृजेश मिश्रा 'सौरभ' का आरोप है कि उन्हें रियल एस्टेट में निवेश के साथ पेट्रोल पंप और शराब का ठेका दिलाने के नाम पर समय-समय पर ठगा गया। पूर्व विधायक ने विभूतिखंड थाने में आरोपित आलोक मिश्रा, उसके परिवार और सहयोगियों के खिलाफ तहरीर दी है, जिस पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। बृजेश मिश्रा के अनुसार, वर्ष 2016-17 में प्रतापगढ़ के आलोक मिश्रा ने उनसे संपर्क किया। उसने खुद को प्रभावशाली लोगों का करीबी बताते हुए विभिन्न व्यवसायों में निवेश का लालच दिया। आरोपितों ने 2022 से 2025 के बीच अलग-अलग अवसरों पर आनलाइन और नकद मिलाकर तीन करोड़ रुपये से अधिक की राशि ली। पूर्व विधायक को ठगों ने वंदे गणपति इंफ्रा प्राइवेट लिमिटेड नामक कंपनी बनाकर निदेशक बनाया और चेकों पर हस्ताक्षर कराकर गबन कर लिया। पूर्व विधायक ने बताया कि शराब दुकानों के आवंटन की फर्जी प्रक्रिया के तहत आधार कार्ड, ओटीपी और धनराशि हासिल की गई।

## 42 डेयरी इकाइयों पर छापे, 116 नमूने लिए गए, 34 क्विंटल खाद्य पदार्थ जब्त, चार एफआईआर दर्ज

# दूध व दुग्ध उत्पादों में मिलावट के खिलाफ प्रदेशव्यापी बड़ा अभियान

तमसा संकेत, संवाददाता





लखनऊ। आयुक्त, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन, उत्तर प्रदेश, लखनऊ के निर्देशों एवं निर्धारित निरीक्षण बिंदुओं के अनुपालन में प्रदेश के चिन्हित जनपदों में दूध एवं दुग्ध उत्पादों में मिलावट पर प्रभावी रोकथाम के उद्देश्य से विशेष अन्तर्जनपदीय छापामार प्रवर्तन अभियान संचालित किया गया। अभियान के दौरान दूध, पनीर, दही, घी सहित अन्य दुग्ध उत्पादों के निर्माण प्रतिष्ठानों, मिल्क चिलिंग सेंटर, मिल्क कलेक्शन सेंटर एवं गोदामों का औचक निरीक्षण किया गया। अभियान के दौरान खाद्य सुरक्षा मानकों, स्वच्छता व्यवस्था, कच्चे माल की गुणवत्ता, अभिलेखों के अनुरक्षण, पैकेजिंग एवं लेबलिंग प्रावधानों तथा संभावित मिलावट की गहन जांच करते हुए प्रभावी प्रवर्तन कार्रवाई सुनिश्चित की गई। विशेष अभियान के अंतर्गत 27 अन्तर्जनपदीय टीमों ने 42 दूध एवं दुग्ध उत्पाद निर्माण इकाइयों एवं प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया। इस दौरान कुल 116 खाद्य नमूने संग्रहित कर परीक्षण हेतु प्रयोगशाला भेजे गए। साथ ही 34 क्विंटल खाद्य पदार्थ जब्त किए गए, जिनकी अनुमानित कीमत लगभग 28.50 लाख है। इसके अतिरिक्त अस्वास्थ्यकर परिस्थितियों में संग्रहीत एवं मानव उपभोग के लिए अनुपयुक्त पाए गए 9 क्विंटल खाद्य पदार्थों का विनष्टीकरण कराया गया, जिनकी अनुमानित कीमत लगभग 8.50 लाख है। अभियान के दौरान गंभीर अनियमितताएं पाए जाने पर अमरोहा, अलीगढ़, बदायूँ एवं मथुरा में कुल चार एफआईआर दर्ज कराई गईं। बदायूँ के ग्राम कोल्हाई स्थित कादरी डेयरी से आठ नमूने लिए गए। यहां चीनी, रिफाइंड पामोलीन ऑयल एवं घी जब्त किया गया तथा 78 लीटर अपमिश्रित दूध का विनष्टीकरण कराया गया।

**अलीगढ़ के ग्राम सुदेशपुर, चंडौस स्थित बरकत अली की पनीर निर्माणशाला से नौ नमूने लिए गए। मौके पर 200 लीटर दूध एवं 400 किलोग्राम नकली पनीर नष्ट कराया गया तथा अपमिश्रकों की सहायता से नकली पनीर बनाने पर एफआईआर दर्ज की गई।**

### दो नमूने संग्रहित कर एफआईआर दर्ज कराई गई

मथुरा स्थित अनीता डेयरी पर पूर्व में सील किए गए प्रतिष्ठान को खोलकर बिना लाइसेंस खाद्य पदार्थों का निर्माण करते पाए जाने पर दो नमूने संग्रहित कर एफआईआर दर्ज कराई गई। अमरोहा में उमंग डेयरी लिमिटेड से पांच नमूने लिए गए। यहां 5,000 किलोग्राम व्हे पाउडर तथा 27,875 किलोग्राम स्क्रैप पाउडर, जिनका कुल मूल्य लगभग 25.49 लाख है, जब्त किया गया। साथ ही अस्वच्छ परिस्थितियों में निर्मित 699 किलोग्राम बटर एवं 99 किलोग्राम पनीर का विनष्टीकरण कराया गया। जांच में वेजिटेबल फैट एवं प्रतिबंधित अपमिश्रकों की सहायता से बटर निर्माण पाए जाने पर एफआईआर दर्ज की गई।

## 'हर हुनर को मिलेगा सम्मान, हर युवा को मिलेगा रोजगार' : मंत्री कपिल देव अग्रवाल

# विश्व युवा कौशल दिवस पर योगी सरकार का युवाओं को तोहफा

तमसा संकेत, संवाददाता



**13-14 जुलाई को 74 जिलों में लगेंगे यूपीएसडीएम के वृहद रोजगार मेले 'जीरो पॉवर्टी' युवाओं व दिव्यांगजनों को विशेष प्राथमिकता, क्यूआर कोड से होगा पारदर्शी पंजीकरण**

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के 'हर हाथ को हुनर, हर हुनर को रोजगार' के संकल्प को धरातल पर उतारते हुए विश्व युवा कौशल दिवस के अवसर पर उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन (UPSDM) द्वारा 13 और 14 जुलाई को प्रदेश के 74 जिलों में वृहद राज्य स्तरीय रोजगार मेलों का आयोजन किया जा रहा है।

प्रदेश के व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास और उद्यमशीलता राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल ने कहा कि योगी सरकार ने पिछले 9 वर्षों में कौशल विकास को उत्तर प्रदेश की नई पहचान बना दिया है। आज यूपी की आईटीआई और स्किल सेंटर से प्रशिक्षित युवा देश-विदेश की नामी कंपनियों में काम कर रहे हैं। विश्व युवा कौशल दिवस पर 74 जिलों में एक साथ रोजगार मेले लगाकर हम 'हर हुनर को सम्मान, हर युवा को रोजगार' के लक्ष्य की ओर बड़ा कदम बढ़ा रहे हैं। मंत्री अग्रवाल ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी का निर्देश है कि 'जीरो पॉवर्टी अभियान' के तहत चिन्हित अत्यंत गरीब परिवारों के युवाओं और दिव्यांगजनों को रोजगार मेले में विशेष प्राथमिकता दी जाए। योगी सरकार का लक्ष्य अंतिम पायदान पर खड़े युवा तक रोजगार पहुंचाना है। यह मेला उसी संकल्प की कड़ी है।

UPSDM के मिशन निदेशक पुलकित खरे ने बताया कि इन रोजगार मेलों का आयोजन जिला स्तर पर मुख्य विकास अधिकारी (CDO) और कौशल विकास मिशन के जिला समन्वयक/एमआईएस मैनेजर के आपसी समन्वय से किया जाएगा। सभी जिलाधिकारियों को कार्यक्रम स्थल का चयन, निजी उद्योगों/कंपनियों को आमंत्रण और प्रशिक्षित युवाओं की सूची तैयार करने के निर्देश दिए गए हैं।

इच्छुक युवा रोजगार मेले की तारीख, समय और स्थान से संबंधित जानकारी अपने जनपद के आईटीआई से प्राप्त कर सकते हैं।

### उत्तर प्रदेश का कोई भी युवा युवती हिस्सा ले सकते

मिशन निदेशक ने बताया कि इस रोजगार मेले में उत्तर प्रदेश का कोई भी युवा-युवती हिस्सा ले सकते हैं। UPSDM, DDU-GKY और 'प्रोजेक्ट प्रवीण' के तहत प्रशिक्षित युवाओं के साथ-साथ औपचारिक शिक्षा पूरी कर चुके युवाओं को भी अवसर मिलेगा। 'जीरो पॉवर्टी अभियान' के युवाओं को विशेष प्राथमिकता दी जाएगी।

सभी मेला स्थलों पर दिव्यांगजनों के लिए रैम्प, सुगम आवागमन और अन्य आवश्यक सुविधाएं अनिवार्य रूप से सुनिश्चित की जाएंगी। पंजीकरण और व्यवस्थाओं को पारदर्शी बनाने के लिए मेला स्थलों पर क्यूआर कोड लगाए जाएंगे। सुरक्षा के लिए नोडल अधिकारियों की तैनाती और पर्याप्त पुलिस बल की व्यवस्था रहेगी। मेले के सफल समापन के तुरंत बाद, प्रत्येक जिले को चयनित और नियुक्त हुए युवाओं की अंतिम रिपोर्ट मिशन मुख्यालय को भेजनी होगी।

## शारदा ब्रांच नहर में युवक का शव उतराता मिला

### पारा पुलिस पहचान कराने में जुटी, सफेद शर्ट-पैंट पहने हुए था

तमसा संकेत, एजेंसी



दुबग्गा। लखनऊ के पारा थाना क्षेत्र में पुराना पारा स्थित पिंक बूथ के पीछे शारदा ब्रांच नहर में शनिवार दोपहर करीब 1 बजे एक युवक का शव उतराता हुआ दिखा। स्थानीय लोगों ने तत्काल इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पारा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया।

पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से शव को नहर से बाहर निकलवाया। शव मिलने की सूचना फैलते ही मौके पर आसपास के लोगों की भीड़ जमा हो गई। पुलिस ने भीड़ को नियंत्रित करते हुए घटनास्थल को अपने कब्जे में लिया और आवश्यक कानूनी कार्रवाई शुरू की। फिलहाल मृतक की पहचान नहीं हो सकी है।

पारा थाना पुलिस आसपास के लोगों से पूछताछ कर रही है और शव की शिनाख्त कराने का प्रयास किया जा रहा है। इसके अलावा, क्षेत्र के थानों में दर्ज गुमशुदगी के मामलों का भी मिलान कराया जा रहा है, ताकि मृतक की पहचान हो सके। युवक सफेद शर्ट-पैंट पहने हुए था। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, शव की पहचान होने के बाद पंचनामा की कार्रवाई पूरी की जाएगी। इसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा जाएगा, जिससे मौत के वास्तविक कारणों का पता चल सके।

पारा थाना पुलिस पूरे मामले की गंभीरता से जांच कर रही है।

## आरोप : लखनऊ के थाने का महिलाओं ने किया घेराव, पोस्टर- योगीजी मदद करें

# 'गायत्री प्रजापति के आदमियों ने शराब पिलाकर जमीन कब्जाई'

तमसा संकेत, एजेंसी



थाने का घेराव कर रही महिलाओं को पुलिस अधिकारियों ने समझाया।

लखनऊ। लखनऊ के सुशांत गोल्फ सिटी थाने का क्षेत्र की सैकड़ों महिलाओं ने शनिवार दोपहर करीब 2:20 बजे घेराव किया। वे हाथों में 'योगीजी, मदद करें' लिखे हुए पोस्टर लेकर पहुंचीं। महिलाओं ने आरोप लगाया है कि जेल में बंद पूर्व मंत्री गायत्री प्रसाद प्रजापति और उनके आदमियों ने जमीन कब्जा की है। एक दलित महिला ने कहा- खनन माफियाओं ने उनके पति को शराब पिलाकर जमीन का एग्रीमेंट करवा लिया। इसके बाद उसे अन्य को बेच दिया।

हरिहरपुर सुशांत गोल्फ सिटी निवासी छाया पत्नी प्रेम रावत ने पुलिस को इस मामले में तहरीर दी है। इसमें बताया कि उनके पति से खनन माफिया गायत्री प्रजापति और गुड्डा देवी ने कई साल पहले जो जमीन आवास विकास में चली गई थी। उसका शराब पिलाकर एग्रीमेंट करवा लिया। इसके अलावा अन्य लालच भी दिए। इस दौरान गुमराह करके छाया से भी हस्ताक्षर करवा लिए गए। गायत्री प्रजापति व गुड्डा देवी के खिलाफ सीबीआई व ईडी द्वारा मुकदमा दर्ज कर उनके खिलाफ कार्रवाई की जा रही है।



महिलाओं ने सुशांत गोल्फ सिटी थाने में पुलिस अधिकारियों के सामने नारेबाजी की।

### जमीन देखने गई तो वहां बाउंड्री खड़ी मिली

छाया रावत ने बताया- मेरे पति की 10 साल पहले मौत हो गई थी। वहीं महिला ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वो कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से पीड़ित है। कुछ समय पहले मैं अपनी जमीन देखने गई तो देखा कि वहां पर बाउंड्री खड़ी है। वहां मौजूद कुछ लोगों ने बताया कि गायत्री प्रजापति और गुड्डा देवी से खरीदा है। इसके बाद मुझको वहां से भगा दिया गया। इस दौरान मैंने अपनी जमीन बचाने का प्रयास किया तो वहां पर खनन माफिया गायत्री प्रजापति और उसके साथी गुड्डा देवी, बबलू मिश्रा, दिनेश यादव, राज बहादुर वकीलों के कपड़े में पहुंचे और दबाव में लिया। जेल में बंद गायत्री प्रजापति से फोन पर बात कराई। फोन पर मुझसे काफी गाली-गलौज की गई।

# बिहार विधानसभा के प्रबोधन कार्यक्रम में शामिल होंगे महाना

### विधायकों को संसदीय परंपराओं एवं लोकतांत्रिक मूल्यों की मजबूती का देंगे संदेश

तमसा संकेत, संवाददाता



लखनऊ/पटना । बिहार विधानसभा के नवनिर्वाचित एवं वर्तमान सदस्यों के लिए गया जी स्थित बिहार लोक प्रशासन एवं ग्रामीण विकास संस्थान (बिपार्ड) में आयोजित होने वाले दो दिवसीय 'प्रबोधन कार्यक्रम' में उत्तर प्रदेश विधानसभा के माननीय अध्यक्ष श्री सतीश महाना भी शामिल होंगे।

बिहार विधानसभा सचिवालय, लोकसभा सचिवालय के संसदीय अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान (PRIDE) तथा बिहार सरकार के बिपार्ड के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित यह कार्यक्रम 11 एवं 12 जुलाई, 2026 को संपन्न होगा। कार्यक्रम का उद्घाटन भारत के माननीय उपराष्ट्रपति श्री सी. पी. राधाकृष्णन द्वारा किया जाएगा। इस अवसर पर लोकसभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला, राज्यसभा के उपसभापति श्री हरिवंश, बिहार के मुख्यमंत्री श्री सम्राट चौधरी, बिहार विधानसभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार, बिहार विधान परिषद के सभापति श्री अवधेश नारायण सिंह सहित अनेक गणमान्यजन उपस्थित रहेंगे। उन्होंने कहा कि विधानसभा केवल कानून बनाने का मंच नहीं है, बल्कि यह जनता की आकांक्षाओं को अभिव्यक्ति देने और लोकतांत्रिक संवाद को मजबूत करने का सर्वोच्च माध्यम है।

### सतीश महाना कार्यक्रम में विधायकों को संबोधित करेंगे

उत्तर प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष श्री सतीश महाना कार्यक्रम में विधायकों को संबोधित करते हुए संसदीय परंपराओं, सदन की गरिमा, विधायी प्रक्रियाओं और जनप्रतिनिधियों की जिम्मेदारियों से जुड़े अपने अनुभव साझा करेंगे। महाना ने कहा कि लोकतंत्र की सफलता के लिए आवश्यक है कि जनप्रतिनिधि संविधान की भावना, संसदीय मर्यादाओं और सदन की कार्यप्रणाली को गहराई से समझें। प्रबोधन जैसे कार्यक्रम विधायकों को न केवल विधायी कार्यों की जानकारी प्रदान करते हैं, बल्कि उन्हें जनता की अपेक्षाओं के अनुरूप प्रभावी जनसेवा के लिए भी प्रेरित करते हैं।

### सीतापुर में प्रेम-प्रसंग में शक के चलते आरोपी गिरफ्तार, गला दबाकर की थी हत्या

# हत्या का 48 घंटे में खुलासा

**सनसनी**

तमसा संकेत, एजेंसी

सीतापुर सीतापुर के हरगांव थाना क्षेत्र के कैथाभारी गांव में महिला की हत्या के सनसनीखेज मामले का पुलिस ने 48 घंटे के भीतर खुलासा करते हुए शनिवार दोपहर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार, प्रेम संबंधों को लेकर उपजे शक के चलते आरोपी ने महिला की गला दबाकर हत्या कर दी थी। आरोपी की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल और मृतका का मोबाइल फोन भी बरामद कर लिया गया है।

पुलिस के मुताबिक, 8 जुलाई 2026 की सुबह कैथाभारी गांव



के खड़ंजे पर करीब 36 वर्षीय रेनू का शव मिला था। मृतका की पहचान रक्षपाल की लिव-इन पार्टनर के रूप में हुई। रक्षपाल की तहरीर पर हरगांव थाने में हत्या का मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू की थी। पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल के निर्देश पर अपर पुलिस अधीक्षक (उत्तरी) आलोक सिंह और क्षेत्राधिकारी सदर नेहा त्रिपाठी के पर्यवेक्षण में गठित टीम ने शनिवार को कल्याणपुर तिराहे स्थित काली माता मंदिर के पास से आरोपी रामजीवन पुत्र छोटेलाल, निवासी अंबर सराय, थाना लहरपुर को गिरफ्तार कर लिया।

पूछताछ में आरोपी ने बताया कि उसके मृतका से प्रेम संबंध थे, लेकिन उसे संदेह था कि महिला के अन्य पुरुषों से भी संबंध हैं। इसी शक के चलते वह उसे बाइक से हरगांव घुमाने के बहाने कबीरपुर के पास खेतों में ले गया, जहां विवाद के दौरान गला दबाकर उसकी हत्या कर दी। इसके बाद पहचान छिपाने और साक्ष्य मिटाने के उद्देश्य से उसने मृतका का मोबाइल फोन रास्ते में पड़ने वाली बड़ी नहर में फेंक दिया।

पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल और मोबाइल फोन बरामद कर लिया है। जांच में यह भी सामने आया कि आरोपी के खिलाफ पहले से हत्या, चोरी, एनडीपीएस एक्ट और आर्म्स एक्ट सहित कई आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं तथा वह हिस्ट्रीशीटर भी है।

पुलिस ने आरोपी को न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया है। गिरफ्तारी करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक आनंद नारायण त्रिपाठी, उपनिरीक्षक विकास कुमार यादव, मुख्य आरक्षी बलदेव सिंह, बृजनाथ द्विवेदी और अनुज कुमार शामिल रहे।

# शारदा ब्रांच नहर में युवक का शव उतराता मिला

### पारा पुलिस पहचान कराने में जुटी, सफेद शर्ट-पैंट पहने हुए था

तमसा संकेत, एजेंसी

**हरदोई।** लखनऊ के पारा थाना क्षेत्र में पुराना पारा स्थित पिंक बूथ के पीछे शारदा ब्रांच नहर में शनिवार दोपहर करीब 1 बजे एक युवक का शव उतराता हुआ दिखा। स्थानीय लोगों ने तत्काल इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पारा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया।

पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से शव को नहर से बाहर निकलवाया। शव मिलने की सूचना फैलते ही मौके पर आसपास के लोगों की भीड़ जमा हो गई। पुलिस ने भीड़ को नियंत्रित करते हुए घटनास्थल को अपने कब्जे में लिया और आवश्यक कानूनी कार्रवाई शुरू



की। फिलहाल मृतक की पहचान नहीं हो सकी है।

पारा थाना पुलिस आसपास के लोगों से पूछताछ कर रही है और शव की शिनाख्त कराने का प्रयास किया जा रहा है।

इसके अलावा, क्षेत्र के थानों में दर्ज गुमशुदगी के मामलों का भी मिलान कराया जा रहा है, ताकि मृतक की पहचान हो सके। युवक सफेद शर्ट-पैंट पहने हुए था।

पुलिस अधिकारियों के अनुसार, शव की पहचान होने के बाद पंचनामा की कार्रवाई पूरी की जाएगी। इसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा जाएगा, जिससे मौत के वास्तविक कारणों का पता चल सके।

पारा थाना पुलिस पूरे मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। पुलिस यह भी पता लगाने का प्रयास कर रही है कि शव नहर में कैसे पहुंचा और इसके पीछे कोई दुर्घटना, आत्महत्या या अन्य कारण है। सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए जांच की जा रही है। पुलिस की प्राथमिकता शव की पहचान कराना है, ताकि आगे की कानूनी कार्रवाई और जांच को सही दिशा में बढ़ाया जा सके।

**फास्ट न्यूज**

### हरदोई में मेधावी छात्र हुए सम्मानित

**हरदोई।** हरदोई में सनातन धर्म इंटर कॉलेज में शनिवार की सुबह 10 :30 बजे एक सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इसमें इंटरमीडिएट परीक्षा में 88 .6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में सर्वोच्च स्थान हासिल करने वाले छात्र सत्यम राठौर को सम्मानित किया गया। उन्हें भारत सरकार के मानव संसाधन मंत्रालय के पूर्व उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद द्विवेदी और विद्यालय प्रबंधक अशोक कुमार सिंह ने नकद राशि व प्रमाण पत्र प्रदान किए।

### जनसंख्या नियंत्रण पर जागरूकता रैली

**हरदोई।** विश्व जनसंख्या दिवस के अवसर पर शनिवार को एक जन-जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। स्थानीय मेडिकल कॉलेज से सुबह 11 बजे शुरू हुई इस रैली को मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. चंद्र कुमार ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इसमें वरिष्ठ डॉक्टरों और मेडिकल स्टाफ ने बड़ी संख्या में भाग लिया। इस मौके पर गोष्ठी का आयोजन भी किया गया। जिसमें विश्व जनसंख्या दिवस की उपयोगिता और परिवार नियोजन के बेहतरीन तरीके बताए गए। रैली का मुख्य उद्देश्य समाज को अनियंत्रित जनसंख्या से होने वाले दुष्प्रभावों के प्रति सचेत करना और सीमित परिवार के लाभों को समझाना था।

### आज 85.13 लाख पौधे लगेंगे

**हरदोई।** हरदोई में 12 जुलाई को एक बड़े वृक्षारोपण अभियान की शुरुआत होगी। इस अभियान के तहत शहरी और ग्रामीण इलाकों में कुल 85 .13 लाख पौधे लगाए जाएंगे। 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के माध्यम से जनप्रति-निधि, अधिकारी और आम नागरिक मिलकर हरियाली का संदेश देंगे। वन विभाग ने इस कार्यक्रम के लिए करीब-करीब सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। इस अभियान को सफल बनाने के लिए वन विभाग सहित कुल 24 कार्यदायी विभागों को जिम्मेदारी सौंपी गई है।

# अंतर्ध्वनि 'नच ले फ्यूज़न' राष्ट्रीय नृत्य प्रतियोगिता के विजेता घोषित

### हरदोई, लखनऊ, सीतापुर, ओडिशा के प्रतिभागियों ने किया शानदार प्रदर्शन

तमसा संकेत, एजेंसी

**हरदोई।** हरदोई में अंतर्ध्वनि जन कल्याण समिति द्वारा आयोजित राष्ट्रीय स्तर की ऑनलाइन प्रतियो-गिताओं के नौवें सीज़न के अंतर्गत 'नच ले फ्यूज़न' नृत्य प्रतियोगिता के सभी वर्गों के परिणाम शनिवार को शाम 5 बजे घोषित कर दिए गए।

इस प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य देशभर की उभरती नृत्य प्रतिभाओं को एक राष्ट्रीय मंच प्रदान करना था। साथ ही, विशेषज्ञों के मार्गदर्शन में उनकी कलात्मक क्षमता को निखारने का अवसर भी दिया गया।

आयोजक कुलदीप द्विवेदी ने विजेताओं की घोषणा करते हुए बताया कि फाइनल चरण में प्रतिभागियों को उनकी रचनात्मक प्रस्तुति के आधार पर परखा गया। प्राइमरी वर्ग के प्रतिभागियों को



1990 के दशक या उससे पहले के गीतों पर किसी खिलौने को प्रॉप के रूप में शामिल करते हुए नृत्य प्रस्तुत करना था।

निर्णायकों ने प्रस्तुति की भाव-भंगिमा, तालमेल, अभिव्यक्ति, रचनात्मकता और मंचीय प्रदर्शन के आधार पर अंक दिए। प्राइमरी वर्ग में कटक की शुभलग्ना महाराणा ने प्रथम, हरदोई की भाविका सिंह राठौर ने द्वितीय और सौरवी अग्रवाल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

जूनियर वर्ग में हरदोई की अनुष्का गुप्ता प्रथम, लखनऊ की नाव्या वार्ष्णेय द्वितीय तथा हरदोई की पूर्वी तृतीय स्थान पर रहीं। सीनियर वर्ग में हरदोई की शिवानी गौतम प्रथम, सीतापुर की हर्षिता वर्मा द्वितीय तथा हरदोई के सौरभ कुमार सरस तृतीय रहे।

प्रतियोगिता का मूल्यांकन मुंबई की कोरियोग्राफर काजल दमनिया और नृत्य गुरु गौरव शुक्ला ने किया। प्रतियोगिता के संयोजन का दायित्व रज्जन सिंह और शिवांगी सिंह ने संभाला।

आयोजक कुलदीप द्विवेदी ने कहा कि ऑनलाइन प्रतियोगिताओं के माध्यम से विभिन्न राज्यों की प्रतिभाओं को एक साझा मंच मिल रहा है। यहां वे अपनी कला का प्रदर्शन करने के साथ विशेषज्ञों से सीखने का अवसर भी प्राप्त कर रहे हैं।

# युवक का शव पेड़ से लटका मिला

**जांच**

### शुक्रवार शाम घर से निकले थे, परिजन कर रहे थे तलाश

तमसा संकेत, एजेंसी

हरदोई। हरदोई में लोनार कोतवाली क्षेत्र के मुग़लापुर मजरा नस्यौली गांव में एक 19 वर्षीय युवक का शव आम के पेड़ से लटका मिला। घटना शुक्रवार शाम करीब 7 बजे की है, जब ग्रामीणों ने परिषदीय स्कूल के पास सत्यपाल के खेत में लगे पेड़ पर शव देखा। मृतक की पहचान गांव के ही बाबूराम के पुत्र विमलेश के रूप में हुई है। घटना की वजह पर गांव में लोग तरह तरह की चर्चाएं करते रहे। शव का पोस्टमार्टम शनिवार दोपहर करीब 2:30 बजे हुआ।

विमलेश शुक्रवार शाम को घर से निकला था और देर रात तक वापस नहीं लौटा। परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की थी। इसी बीच, ग्रामीणों ने देर शाम गांव



के किनारे स्थित परिषदीय स्कूल के बगल में एक आम के पेड़ पर रस्सी के सहारे विमलेश का शव लटकता हुआ पाया।

परिजनों के अनुसार, विमलेश अक्सर रोजी-रोटी की तलाश में दिल्ली और हरियाणा जैसे शहरों में काम करने जाता था, लेकिन पिछले कुछ महीनों से वह अपने पैतृक गांव में ही रह रहा था। मृतक के पिता बाबूराम ने बताया कि उनके तीन बेटों और एक बेटी में विमलेश दूसरे नंबर का था। बेटे की मौत की खबर मिलते ही मां लीलावती सहित पूरे परिवार में कोहराम मच गया।

घटना की सूचना मिलते ही लोनार थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लिया। विमलेश ने यह आत्मघाती कदम क्यों उठाया, इसका कारण अभी स्पष्ट नहीं हो सका है।

कोतवाल सुनील कुमार मिश्रा ने बताया कि मामले की गहराई से जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों का पता चल पाएगा। इस दुखद घटना के बाद जहां परिजन घटना की वजह पर चुप्पी साधे हुए हैं, वहीं गांव में लोग तरह-तरह की चर्चाएं करते रहे।

# ₹25 हजार का इनामी गैंगस्टर इरफान गिरफ्तार

### कौशांबी, हरदोई, उन्नाव में हत्या के प्रयास समेत कई मामले दर्ज

तमसा संकेत, एजेंसी

हरदोई। हरदोई पुलिस ने 25 हजार रुपए के इनामी गैंगस्टर इरफान को गिरफ्तार कर लिया है। यह कार्रवाई अतरौली पुलिस टीम ने की है। इरफान समाज विरोधी क्रियाकलाप निवारण अधिनियम (गैंगस्टर एक्ट) के तहत वांछित था और उसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस लंबे समय से तलाश कर रही थी।

आरोपी पर हरदोई समेत कौशांबी और उन्नाव में गंभीर धाराओं में कुल 6 मामले पहले से दर्ज हैं शनिवार दोपहर 2:32 पर प्रेस नोट जारी कर पुलिस ने यह सूचना दी है।

पुलिस के अनुसार, अतरौली थाना प्रभारी ने बीती 12 जून को अमेठी के तेतारपुर निवासी इरफान पुत्र अल्ताफ सहित आठ आरोपियों के खिलाफ गिरोह बनाकर अवैध आर्थिक लाभ कमाने के आरोप में मुकदमा दर्ज कराया था। आरोपी की



लगातार फरारी को देखते हुए हरदोई पुलिस अधीक्षक ने उस पर 25 हजार रुपये का नकद इनाम घोषित किया था।

गिरफ्तार अभियुक्त इरफान का आपराधिक इतिहास काफी लंबा और गंभीर है। उसके खिलाफ विभिन्न जिलों के थानों में हत्या के प्रयास, दंगा भड़काने, घातक हथियारों से लैस होने, गोवध निवारण अधिनियम, पशु क्रूरता अधिनियम, जालसाजी, धोखाधड़ी, आपराधिक साजिश और आर्म्स एक्ट जैसे दर्जनों गंभीर मामले दर्ज हैं।

# जिला पुस्तकालय का डीआईओएस ने किया निरीक्षण

**निर्देश**

### छात्रों के लिए नवीनतम किताबें और मैगजीन उपलब्ध कराने के निर्देश

तमसा संकेत, एजेंसी

**हरदोई।** हरदोई में जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ. अरविंद कुमार पाठक ने शनिवार दोपहर बाद 3:30 बजे राजकीय जिला पुस्तकालय का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने पुस्तकालय की व्यवस्थाओं को सुदृढ़ बनाने और पाठकों को बेहतर माहौल प्रदान करने के उद्देश्य से नवीनतम किताबें, मैगजीन और डिजिटल संसाधन उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान, डीआई-ओएस ने पुस्तकालय में उपलब्ध सुविधाओं, पुस्तकों की उपलब्धता और बैठने की व्यवस्था का गहनता से जायजा लिया। उन्होंने पुस्तकालय में साफ-सफाई और अनुशासन बनाए रखने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश भी जारी किए।






निरीक्षण के उपरांत, डॉ. पाठक ने पुस्तकालय में सिविल सर्विसेज, एसएससी, बैंकिंग सहित विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे छात्र-छात्राओं से सीधा संवाद किया। उन्होंने "सफलता के लिए तैयारी को कैसे उत्कृष्ट बनाएं" विषय पर विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया।

छात्रों को प्रोत्साहित करते हुए डॉ. अरविंद कुमार पाठक ने कहा कि प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता केवल कठिन परिश्रम से नहीं, बल्कि सही रणनीति, निरंतरता और उत्कृष्ट अध्ययन सामग्री के सही चयन से मिलती है। उन्होंने विद्यार्थियों से जिला पुस्तकालय को एक बेहतरीन ज्ञान केंद्र के रूप में उपयोग करने का आग्रह किया। उन्होंने छात्रों के संशयों को दूर किया और उन्हें तनावमुक्त रहकर लक्ष्य पर ध्यान केंद्रित करने की सलाह दी।

डीआईओएस ने पुस्तकालया-ध्यक्ष को कड़े निर्देश दिए कि प्रतियोगी परीक्षाओं से जुड़ी नवीनतम पुस्तकें, मैगजीन और डिजिटल संसाधन नियमित रूप से अपडेट किए जाएं। इसका उद्देश्य ग्रामीण और शहरी क्षेत्र के आर्थिक रूप से कमजोर मेधावी छात्रों को अपनी तैयारी में किसी भी बाधा का सामना न करने देना है।

इस अवसर पर पुस्तकालया-ध्यक्ष विनय मिश्रा, आदित्य दीक्षित, जीत बहादुर, सौरभ श्रीवास्तव, वैभव पांडेय, संतोष गुप्ता, रविन्द्र कुमार, अटल कुमार सहित बड़ी संख्या में पाठक और प्रतियोगी छात्र उपस्थित रहे।

**आरोप : हरदोई में एएसपी ने वीडियो का संज्ञान लिया ■ जांच के निर्देश दिए**

# ब्रासबैंड संचालक पर तलवार से हमला करने का आरोप

तमसा संकेत, एजेंसी

**हरदोई।** हरदोई के माधौगंज थाना क्षेत्र की कुरसठ पुलिस चौकी अंतर्गत रामनगर चौराहे पर 10 जुलाई 2026 की रात करीब 7.50 बजे एक ब्रास बैंड संचालक पर तलवार से हमला करने का मामला सामने आया है। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद यह मामला सुर्खियों में आ गया। पीड़ित ने 11 जुलाई को शाम 5 बजे कुरसठ चौकी इंचार्ज शिवशंकर मिश्रा को लिखित तहरीर देकर कार्रवाई और सुरक्षा की मांग की है।

रामनगर निवासी मोहम्मद शकील पुत्र मोहम्मद रफी ने अपनी तहरीर में आरोप लगाया है कि जब वह अपनी ब्रास बैंड की दुकान पर बैठे थे, तभी मोहल्ले के नूर मोहम्मद और यूसुफ




पुत्रगण जमील अहमद नंगी तलवारें लेकर वहां पहुंचे। उन्होंने शकील पर हमला करने का प्रयास किया। शकील के अनुसार, उन्होंने किसी तरह मौके से भागकर अपनी जान बचाई। इसके बाद आरोपियों ने चौराहे पर गाली-गलौज की और जान से मारने की धमकी देते हुए चले गए।

पीड़ित ने यह भी आरोप लगाया है कि उसी रात करीब 11:20 बजे दोनों आरोपी उसके घर पहुंचे। दरवाजा न खोलने पर उन्होंने बाहर खड़े होकर गाली-गलौज की और पूरे परिवार को जान से मारने की धमकी दी। इस घटना से पीड़ित परिवार भयभीत है। अगले दिन पीड़ित ने पुलिस चौकी पहुंचकर अपनी



शिकायत दर्ज कराई।

घटना का वीडियो वायरल होने के बाद अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी सुबोध गौतम ने मामले का संज्ञान लिया है। उन्होंने जांच कर आवश्यक वैधानिक कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। वहीं, इस मामले में जब माधौगंज थाना अध्यक्ष विजय कुमार से बातचीत की गई तो उन्होंने बताया कि उन्हें इस घटना की जानकारी नहीं है।

उनका यह भी कहना था कि कुरसठ चौकी इंचार्ज शिवशंकर मिश्रा ने उन्हें इस तरह की किसी घटना की कोई सूचना नहीं दी है। फिलहाल, पुलिस का कहना है कि तहरीर में लगाए गए आरोपों की जांच कर तथ्यों के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### जिला सहकारी बैंक हरदोई में वृक्षारोपण कार्यक्रम

**हरदोई।** पर्यावरण संरक्षण और हरित भारत के संकल्प को साकार करने के उद्देश्य से ₹एक पेड़ मां के नाम₹ अभियान के अंतर्गत एक वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम जिला सहकारी बैंक परिसर में शनिवार की दोपहर करीब एक बजे संपन्न हुआ, जिसमें विभिन्न प्रकार के छायादार और फलदार पौधे लगाए गए। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष प्रेमावती और भारतीय जनता पार्टी हरदोई के जिलाध्यक्ष अजीत सिंह बब्बन रहे। जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष अशोक कुमार सिंह ने इस कार्यक्रम की अध्यक्षता की। अशोक कुमार सिंह ने इस अवसर पर कहा कि वृक्ष न केवल पर्यावरण को संतुलित रखते हैं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ और सुरक्षित भविष्य की आधारशिला भी हैं। उन्होंने प्रत्येक व्यक्ति से अपनी माता के नाम पर कम से कम एक पौधा लगाकर उसका संरक्षण करने का संकल्प लेने का आह्वान किया।

# ट्रेन हादसे में बिहार के युवक की मौत

### युवक की जेब से मिला परिजनों का पता

तमसा संकेत, एजेंसी

**हरदोई।** हरदोई में लखनऊ-दिल्ली रेल मार्ग पर संडीला-बाला-मऊ के बीच ट्रेन से गिरकर बिहार के एक युवक की मौत हो गई। पुलिस ने शनिवार को करीब 1:30 परिजनों के पहुंचने के बाद शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम कराया। मृतक की पहचान मोहसिन (26) के रूप में हुई है।

बिहार राज्य के किशनगंज जनपद के धापर बस्ती निवासी मोहसिन पठानकोट में मजदूरी करते थे। मोहसिन के जीजा दिलशाद ने बताया कि मोहसिन दो माह पहले ही अपने गांव आए थे। बृहस्पतिवार रात को वह किशनगंज से अजमेर गरीब नवाज एक्सप्रेस में सवार हुए थे। उन्हें अजमेर से पठानकोट के लिए दूसरी ट्रेन पकड़नी थी।



■ हरदोई में परिजनों के पहुंचने पर दूसरे दिन हुआ पोस्टमार्टम

शुक्रवार सुबह करीब 5 बजे संडीला-बालामऊ रेल मार्ग के बीच ट्रेन के दरवाजे पर खड़े मोहसिन का संतुलन बिगड़ गया और वह नीचे गिर गए। इस हादसे में उन्हें गंभीर चोटें आईं। स्थानीय लोगों और रेलवे सुरक्षा बल (RPF) ने घायल मोहसिन को तुरंत कछौना सीएचसी पहुंचाया।

# सम्पादकीय

## एथनॉल मिश्रित पेट्रोल




यह अच्छा हुआ कि अंततः सरकार की ओर से यह स्पष्ट किया गया कि ई-20 ईंधन अर्थात एथनाल मिश्रित पेट्रोल से गाड़ियों का माइलेज भले ही कुछ कम होता हो, लेकिन यह ऊर्जा सुरक्षा और स्वच्छ पर्यावरण के लिए उपयोगी होने के साथ ही किसानों के लिए भी लाभकारी है। इसके अतिरिक्त यह विदेशी मुद्रा की बचत में भी सहायक है।

और भी अच्छा होता कि यह स्पष्टीकरण पहले ही आ जाता, क्योंकि एक अर्से से इस तरह की अपुष्ट खबरें डिजिटल मीडिया में तैर रही थीं कि 20 प्रतिशत एथनाल वाले पेट्रोल से माइलेज में अच्छी-खासी कमी आने के साथ ही वाहन के इंजन को भी नुकसान पहुंचता है। कुछ लोगों ने तो ऐसे फर्जी वीडियो शेयर किए कि ई-20 पेट्रोल से उनकी गाड़ी बीच रास्ते में बंद हो गई। इस दुष्प्रचार को देखते हुए सरकार और विशेष रूप से पेट्रोलियम मंत्रालय को समय रहते सक्रिय होना चाहिए था और वस्तुस्थिति स्पष्ट करनी चाहिए थी। देर से ही सही, यह काम किया गया, लेकिन अभी इस बारे में स्पष्टता की अपेक्षा है कि क्या पांच-छह साल पुरानी गाड़ियों के लिए भी ई-20 पेट्रोल उपयुक्त है? उचित यह होगा कि इस तरह का कोई स्पष्टीकरण देने के लिए पेट्रोलियम मंत्रालय के साथ ही आटो कंपनियां भी आगे आएं। यह ठीक है कि कुछ कार कंपनियों के अधिकारियों ने लोगों को आश्वस्त किया है, लेकिन बेहतर होता कि इस मामले में आटो कंपनियों के संगठन सोसाइटी आफ इंडियन आटोमोबाइल मैन्यूफैक्चरर्स की ओर से भी अपनी बात कही जाती। वैसे भी इस संगठन का मुख्य कार्य सरकार के साथ मिलकर आटो सेक्टर की नीतियों, सुरक्षा मानकों और उत्सर्जन संबंधी नियमों को तय करना है। ई-20 मामले से सरकार को यह सीख लेनी चाहिए कि कोई नई पहल करने के साथ ही हितधारकों को भरोसे में लेना और आम लोगों को उसके उद्देश्यों से परिचित कराना आवश्यक होता है। यह मानने के अच्छे-भले कारण हैं कि एक एजेंडे के तहत किसी लाबी की ओर से ई-20 ईंधन के खिलाफ दुष्प्रचार अभियान चलाया गया। नीति-नियंताओं को ऐसे एजेंडाधारियों के प्रति सदैव सतर्क रहना चाहिए। यदि यह पहले दिन से ही स्पष्ट होता कि ई-20 ईंधन से माइलेज में महज 3-4 प्रतिशत की कमी आती है और इसके इस्तेमाल से इंजन पर कोई विपरीत प्रभाव नहीं पड़ता तो शायद एथनाल मिश्रित पेट्रोल के खिलाफ दुष्प्रचार करने वालों को सक्रिय होने का अवसर ही नहीं मिलता। आखिर इसके पहले ई-10 पेट्रोल का उपयोग हो ही रहा था और उसे लेकर कोई शिकायत भी नहीं थी।


इस तथ्य की भी अनदेखी न की जाए कि विश्व के कई देशों में पेट्रोल में 20 प्रतिशत एथनाल मिलाया जाता है। ब्राजील तो बायोफ्यूल के मामले में वैश्विक लीडर है। यहां सामान्य पेट्रोल में 27 से 30 प्रतिशत तक एथनाल मिलाया जाता है।

## सम्यक ज्ञान और दर्शन से सम्यक चारित्र

आत्म साक्षात्कार से बड़ा दुनियां मे कोई भी चमत्कार नहीं होता है। और यह तभी संभव हो सकता है, जब कोई कर्मों की सघन दीवार तोड़ दें । यह केवल सम्यक् दर्शन, ज्ञान,चारित्र, तप से ही वह कारा तोडी जा सकती हैं । क्योंकि बहुत ही शक्तिशाली, संगठित कर्मों का यह विशाल परिवार है । पांच शब्द हैं- गंता, गंतव्य,गति , मार्ग और मार्गदर्शक । वह जो गति करता हैं, वह गंता होता हैं । वह जहां पहुंचना हैं अर्थात् जो हमारी मंजिल या लक्ष्य हैं वह गंतव्य होता हैं । गंता और गंतव्य के मिलन के लिए गंता को गति करनी होगी । गंतव्य तक गति करने के लिए मार्ग की आवश्यकता होती हैं । प्रश्न है कि गंता, गति किधर करें ? किस मार्ग पर करें, इसके लिए मार्गदर्शक की अपेक्षा होती हैं । अतः गंता, गंतव्य, गति , मार्ग और मार्गदर्शक ये पांच चीजे होती हैं । वह कोई गंता गंतव्य तक पहुंच सकता हैं। अध्यात्म के संदर्भ में साधना करने वाला व्यक्ति गंता होता हैं । गंतव्य मोक्ष होता हैं । हमारा अगर मोक्ष साध्य है तो राग- द्वेष में दूरी उसका साधन हैं । साध्य के अनुरूप साधन हो तो दोनों का मिलन हो सकता है । साध्य और साधन में समत्व हो तो राग-द्वेष से मुक्ति भी मिल सकती है । सहायक और मूल ? मुख वस्त्रिका, पात्र, रजोहरण आदि - आदि साधु- साध्वियों के मूल नही बल्कि उनके साधना में सहायक तत्व हैं। मूल वह हैं – जिसके बिना काम हो ही नहीं सकता । वह मूल तत्व है – वीतरागता । कपड़ों वाला भी मोक्ष का वरण कर सकता है और बिना कपड़ों वाला भी मोक्ष का वरण कर सकता हैं । स्कूल में ड्रेस मूल नहीं हैं, मूल है – शिक्षण प्राप्त करना । वह खेती का मूल है – अन्न । साधना , आराधना करना गति हो जाता हैं। प्रश्न हैं कि गति कहां करे ?

> प्रदीप छाजेड़

# अनशन, असहमति और लोकतंत्र का नैतिक संकट




> आज सोनम वांगचुक का अनशन उसी परंपरा की याद दिलाता है। वे किसी राजनीतिक दल के पेशेवर नेता नहीं हैं। उन्होंने लद्दाख में शिक्षा, जल संरक्षण और पर्यावरण के क्षेत्र में जो काम किया है, उसने उन्हें अंतरराष्ट्रीय पहचान दिलाई।

लोकतंत्र की सबसे बड़ी पहचान केवल चुनाव नहीं है। चुनाव तो सत्ता बदलने का माध्यम हैं; लोकतंत्र का वास्तविक नैतिक आधार यह है कि वह असहमति को कितना सम्मान देता है। किसी भी लोकतांत्रिक व्यवस्था की परिपक्वता का आकलन इस बात से होता है कि वह अपने सबसे कमजोर, सबसे असहमत और सबसे असुविधाजनक नागरिक की आवाज़ को कितनी गंभीरता से सुनती है। जब सत्ता संवाद के बजाय मौन को चुनने लगे, तब संकट केवल किसी एक आंदोलन का नहीं रहता, बल्कि लोकतंत्र की आत्मा का हो जाता है।

इन्हीं दिनों लद्दाख के पर्यावरणविद, अभियंता और शिक्षा सुधारक सोनम वांगचुक कई दिनों से आमरण अनशन पर हैं। किसी भी लोकतांत्रिक समाज में यह केवल एक व्यक्ति का उपवास नहीं होता; यह व्यवस्था के सामने रखा गया नैतिक प्रश्न होता है। अनशन अपने शरीर को ही तर्क बना देने की वह परंपरा है जिसमें हिंसा का कोई स्थान नहीं होता। महात्मा गांधी ने इसे सत्याग्रह की सर्वोच्च अभिव्यक्ति माना था। इसलिए जब कोई नागरिक इस अंतिम लोकतांत्रिक उपाय का सहारा लेता है तो यह मानकर चलता है कि सत्ता के भीतर अभी भी संवेदना का कोई कोना शेष है। प्रश्न यह है कि क्या आज भी ऐसा है?

भारत का स्वतंत्रता आंदोलन इस विश्वास पर खड़ा था कि नैतिक शक्ति अंततः राजनीतिक शक्ति को झुकाती है। नमक सत्याग्रह, व्यक्तिगत सत्याग्रह, उपवास और अहिंसक प्रतिरोध ने ब्रिटिश साम्राज्य जैसी ताकत को भी नैतिक संकट में डाल दिया था लेकिन स्वतंत्र भारत में विडंबना यह है कि कई बार अपनी ही लोकतांत्रिक सरकारें शांतिपूर्ण आंदोलनों के प्रति ऐसी उदासीन दिखाई देती हैं मानो विरोध कोई नागरिक अधिकार नहीं, बल्कि प्रशासनिक असुविधा हो। इस संदर्भ में दो नाम बार-बार स्मरण आते हैं—स्वामी निगमानंद और प्रो. जी. डी. अग्रवाल (स्वामी सानंद)। दोनों ने गंगा की अविरलता, निर्मलता और पर्यावरण संरक्षण के लिए अपने प्राण दांव पर लगा दिए। एक युवा संन्यासी था, दूसरा विश्व-प्रसिद्ध अभियंता और पर्यावरण वैज्ञानिक। दोनों ने अंततः अपने प्राण खो दिए लेकिन व्यवस्था का हृदय नहीं पिघला। उनकी मृत्यु केवल दो व्यक्तियों की मृत्यु नहीं थी; वह इस प्रश्न की मृत्यु भी थी कि क्या लोकतंत्र अपने सबसे शांतिपूर्ण प्रतिरोध को सुनने की क्षमता बचाए हुए है। उनकी 'आइस स्तूप' तकनीक केवल एक वैज्ञानिक उपलब्धि नहीं, बल्कि जलवायु परिवर्तन से जूझते हिमालयी समाज के लिए आशा का मॉडल है। ऐसे व्यक्ति की आवाज़ से असहमति हो सकती है, लेकिन उसे अनसुना कर देना लोकतांत्रिक विवेक के लिए शुभ संकेत नहीं माना जा सकता।

लोकतंत्र का अर्थ यह नहीं कि सरकार हर मांग स्वीकार कर ले। लोकतंत्र का अर्थ यह है कि सरकार हर नागरिक को सुनने की जिम्मेदारी स्वीकार करे। संवाद, असहमति और आलोचना लोकतंत्र के शत्रु नहीं, बल्कि उसके प्राण हैं। जब संवाद की जगह मौन ले लेता है, तब लोकतंत्र धीरे-धीरे केवल चुनावी प्रक्रिया बनकर रह जाता है।

जर्मन दार्शनिक हन्ना आरेंट ने लिखा था कि सत्ता की सबसे बड़ी विफलता तब होती है जब वह नागरिकों को संवाद के योग्य नहीं समझती। भारतीय संविधान भी इसी विचार पर आधारित है। अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता, शांतिपूर्ण सभा और विरोध का अधिकार इसलिए दिए गए कि राज्य निरंकुश न बन सके। यदि नागरिक का शांतिपूर्ण प्रतिरोध भी व्यवस्था तक न पहुँचे, तो संविधान की आत्मा आहत होती है।

रवीन्द्रनाथ ठाकुर ने लिखा था—₹यदि तुम्हारी पुकार सुनकर कोई न आए, तो अकेले चलो रे।₹ यह कविता साहस का गीत है, लेकिन किसी लोकतंत्र का आदर्श नहीं। लोकतंत्र का आदर्श यह होना चाहिए कि किसी नागरिक को अपनी पुकार अकेले न लगानी पड़े; व्यवस्था उसके शब्दों को सुने, समझे और उत्तर दे। आज प्रश्न केवल सोनम वांगचुक का नहीं है। प्रश्न यह है कि क्या भारत में अहिंसक प्रतिरोध अब भी लोकतांत्रिक संवाद का वैध माध्यम है, या वह केवल प्रतीक बनकर रह गया है? यदि व्यवस्था शांतिपूर्ण आवाज़ों को भी अनसुना करती रही, तो यह केवल एक आंदोलनकारी की पराजय नहीं होगी; यह लोकतंत्र की नैतिक विश्वसनीयता पर भी गंभीर प्रश्नचिह्न होगा। लोकतंत्र का सबसे बड़ा संकट तब शुरू होता है जब सत्ता यह मान बैठती है कि चुनावी बहुमत ही नैतिक वैधता का अंतिम प्रमाण है। चुनाव सरकार बनाने का अधिकार देता है, लेकिन नागरिकों की असहमति को अनसुना करने का अधिकार नहीं देता। संविधान ने सरकार को शक्ति दी है, पर उसी संविधान ने नागरिकों को प्रश्न पूछने, विरोध करने और शांतिपूर्ण ढंग से अपनी बात रखने का अधिकार भी दिया है। यही कारण है कि किसी भी लोकतांत्रिक व्यवस्था में अनशन को केवल एक राजनीतिक घटना नहीं, बल्कि एक नैतिक हस्तक्षेप के रूप में देखा जाता है। महात्मा गांधी ने अनशन को कभी राजनीतिक ब्लैकमेल का साधन नहीं माना। उनके लिए उपवास आत्मशुद्धि, नैतिक आग्रह और जनचेतना जगाने का माध्यम था। गांधी जानते थे कि हिंसा सत्ता को कठोर बनाती है, जबकि अहिंसा उसके विवेक को संबोधित करती है। यदि अहिंसक प्रतिरोध भी सत्ता के भीतर कोई नैतिक हलचल पैदा न कर सके, तो यह केवल आंदोलन की विफलता नहीं, बल्कि सार्वजनिक जीवन की संवेदन-हीनता का संकेत है। भारतीय इतिहास ऐसे अनेक प्रसंगों से भरा है जहाँ व्यक्तियों ने अपने शरीर को ही प्रतिरोध का अंतिम साधन बनाया। स्वतंत्रता आंदोलन में यह परंपरा विदेशी शासन के विरुद्ध थी; स्वतंत्र भारत में यह अपने ही लोकतांत्रिक राज्य के सामने न्याय की पुकार बनकर उभरी। यही विडंबना सबसे अधिक बेचैन करती है। सोनम वांगचुक का महत्व केवल इसलिए नहीं है कि वे अनशन पर बैठे हैं। उनका महत्व इसलिए भी है कि उन्होंने अपने जीवन का बड़ा हिस्सा हिमालय, जलवायु परिवर्तन, शिक्षा और स्थानीय समुदायों के भविष्य के लिए समर्पित किया है।

कुमार कृष्णन

शेख हसीना अगस्त...

गौतम चौधरी

# शेख हसीना की स्वदेश वापसी और भारतीय कूटनीति पर असर



लगभग दो वर्षों से निर्वासन का जीवन जी रहीं बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना ने यह घोषणा कर राजनीतिक हलकों में नई हलचल पैदा कर दी है कि वह आगामी दिसंबर में अपने देश लौटेंगी। उन्होंने कहा है कि वह अपने दल अवामी लीग के वरिष्ठ नेताओं के साथ स्वेच्छा से अदालत के समक्ष आत्मसमर्पण करेंगी भले ही उन्हें गिरफ्तारी, लंबी कैद अथवा अपनी जान का खतरा क्यों न उठाना पड़े। यह घोषणा केवल एक व्यक्तिगत निर्णय नहीं बल्कि बांग्लादेश की राजनीति में एक नए संघर्ष का संकेत भी है। इस घोषणा का फिलहाल कोई असर नहीं दिख रहा होगा लेकिन यह घोषणा भारतीय कूटनीति के लिए बेहद अहम है।

शेख हसीना की संभावित वापसी का सबसे बड़ा अंतरराष्ट्रीय प्रभाव भारत पर पड़ सकता है। पिछले लगभग दो वर्षों से वह भारत में रह रही हैं। इस दौरान भारत ने न तो उनके राजनीतिक भविष्य पर कोई सार्वजनिक टिप्पणी की और न ही बांग्लादेश की आंतरिक राजनीति में प्रत्यक्ष हस्तक्षेप का संकेत दिया है। नई दिल्ली ने लगातार यही रुख अपनाया कि बांग्लादेश का राजनीतिक भविष्य उसके नागरिकों और संवैधानिक संस्थाओं द्वारा तय किया जाना चाहिए। इसी संयमित नीति के कारण भारत ने एक ओर अपने सुरक्षा और रणनीतिक हितों की रक्षा की तो दूसरी ओर दोनों देशों के औपचारिक राजनयिक संबंधों को भी बनाए रखा।

शेख हसीना अगस्त 2024 में छात्र-नेतृत्व वाले व्यापक जनआंदोलन के बाद सत्ता से बेदखल हुई थीं। इसके बाद वह भारत आ गईं और तब से यहीं रह रही हैं। उनके विरुद्ध बांग्लादेश में अनेक मुकदमे चल रहे हैं और एक विशेष न्यायाधिकरण ने अनुपस्थिति में उन्हें मृत्युदंड भी सुनाया है। हसीना इन आरोपों को राजनीतिक प्रतिशोध बताते हुए लगातार अस्वीकार करती रही हैं। उनकी ताज़ा घोषणा का सबसे महत्वपूर्ण पक्ष यह है कि उन्होंने संघर्ष से पीछे हटने के बजाय कानून का सामना करने की इच्छा व्यक्त की है। उन्होंने कहा है कि यदि उन्हें गिरफ्तार किया जाता है या उनकी हत्या भी कर दी जाती है, तब भी वह अपने देश लौटने का निर्णय नहीं बदलेंगी। यह बयान उनके समर्थकों के लिए राजनीतिक संदेश है कि अवामी लीग अभी समाप्त नहीं हुई है और वह स्वयं उसके नेतृत्व की भूमिका छोड़ने को तैयार नहीं हैं। इस घोषणा को केवल साहसिक राजनीतिक कदम मान लेना पर्याप्त नहीं होगा। बांग्लादेश की वर्तमान राजनीतिक परिस्थिति अत्यंत ध्रुवीकृत है। अवामी लीग पर प्रतिबंध और उसके अनेक नेताओं के विरुद्ध कार्रवाई ने देश की राजनीति को एक नए मोड़ पर ला खड़ा किया है। ऐसे वातावरण में हसीना की वापसी उनके समर्थकों को संगठित कर सकती है, वहीं विरोधी दलों और सरकार के लिए यह एक नई चुनौती भी बन सकती है। भारत के दृष्टिकोण से भी यह घटनाक्रम कम महत्वपूर्ण नहीं है। पिछले दो वर्षों से शेख हसीना भारत में रह रही हैं और ढाका लगातार उनके प्रत्यर्पण की मांग करता रहा है। यदि शेख हसीना स्वेच्छा से बांग्लादेश लौटकर न्यायिक प्रक्रिया का सामना करती हैं, तो भारत पर लगे उस कूटनीतिक दबाव में कमी आ सकती है जो उनके भारत में रहने के कारण समय-समय पर उभरता रहा है किंतु इसके साथ ही एक नई चुनौती भी सामने आएगी। यदि उनकी गिरफ्तारी, मुकदमों या उनके साथ होने वाले व्यवहार को लेकर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रश्न उठते हैं तो भारत से भी यह अपेक्षा की जा सकती है कि वह लोकतांत्रिक मूल्यों, मानवाधि-कारों और क्षेत्रीय स्थिरता के बीच संतुलित प्रतिक्रिया दे।

भारत के लिए बांग्लादेश केवल एक पड़ोसी देश नहीं बल्कि उसकी 'पड़ोसी प्रथम' नीति और 'एक्ट ईस्ट' रणनीति का महत्वपूर्ण आधार है। लगभग 4,000 किलोमीटर लंबी साझा सीमा, पूर्वोत्तर भारत की संपर्क व्यवस्था, सीमा-पार व्यापार, ऊर्जा सहयोग, जल संसाधन, आतंकवाद-रोधी सहयोग और बंगाल की खाड़ी में सामरिक संतुलनकृइन सभी क्षेत्रों में दोनों देशों की साझेदारी अत्यंत महत्वपूर्ण है।

## मेरठ में ग्रीन मोबिलिटी का नया सवेरा रु ई-बसों से चमकेगी महानगर की यातायात व्यवस्था

उत्तर प्रदेश सरकार के विशेष प्रयासों से मेरठ महानगर के निवासियों को जल्द ही आधुनिक, सुरक्षित और पर्यावरण अनुकूल सार्वजनिक परिवहन की एक बड़ी सौगात मिलने जा रही है। प्रदेश सरकार ने ग्रॉस कॉस्ट कॉन्ट्रैक्ट (ळब्ब्) मॉडल के तहत मेरठ समेत 18 प्रमुख शहरों में 1725 नई वातानुकूलित इलेक्ट्रिक बसों के संचालन को हरी झंडी दे दी है। इस महत्वाकांक्षी योजना के लागू होने से मेरठ की सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था को न केवल एक नई गति मिलेगी, बल्कि स्थानीय यात्रियों को भी दैनिक आवागमन में विश्वस्तरीय सुविधाएं उपलब्ध होंगी।

वर्तमान समय में मेरठ में हो रहे तीव्र शहरीकरण और निजी वाहनों की संख्या में निरंतर वृद्धि के कारण महानगर की यातायात प्रणाली पर दबाव लगातार बढ़ रहा है। इस समस्या के स्थायी समाधान के रूप में प्रदेश सरकार द्वारा उठाया गया यह कदम बेहद प्रभावी साबित होगा। नई ई-बसों के सड़कों पर उतरने से जहां शहरवासियों को सुरक्षित, आरामदायक और किफायती यात्रा का बेहतरीन विकल्प मिलेगा, वहीं वायु प्रदूषण और जाम की समस्या से भी बड़ी राहत मिलेगी।

प्रदेश में नगरीय परिवहन के आधुनि-कीकरण की दिशा में सरकार की यह नीति अत्यंत दूरदर्शी है। वर्तमान में नगर विकास विभाग के अंतर्गत कार्यरत नगरीय परिवहन निदेशालय द्वारा प्रदेश के 15 नगर निगम क्षेत्रों में 743 इलेक्ट्रिक बसों का सफल संचालन किया जा रहा है, जिनमें से 700 बसें पहले से ही जीसीसी मॉडल पर चल रही हैं। इस सफल प्रयोग के उत्साहजनक परिणामों को देखते हुए अब सरकार ने मेरठ पर विशेष ध्यान केंद्रित करते हुए 9 मीटर और 12 मीटर श्रेणी की नई एसी ई-बसों को शामिल करने का निर्णय लिया है। परियोजना को धरातल पर पूरी दक्षता के साथ उतारने के लिए लोक-निजी सहभागिता का एक उत्कृष्ट उदाहरण पेश किया गया है। योजना के अंतर्गत चयनित निजी ऑपरेटर ही बसों की खरीद, चार्जिंग स्टेशनों की स्थापना, योग्य चालकों एवं तकनीकी कर्मचारियों की व्यवस्था तथा उनके पूर्ण संचालन व अनुरक्षण की जिम्मेदारी संभालेंगे। सरकार द्वारा निर्धारित कड़े प्रदर्शन मानकों के आधार पर ही ऑपरेटरों को शुल्क का भुगतान किया जाएगा। यह संपूर्ण अनुबंध वाणिज्यिक संचालन की तिथि से 12 वर्षों की लंबी अवधि के लिए प्रभावी होगा। इस बड़ी परियोजना को आर्थिक रूप से व्यावहारिक और निवेशकों के लिए आकर्षक बनाने के लिए सरकार द्वारा भारी वित्तीय प्रोत्साहन दिया जा रहा है। सरकार ने प्रत्येक 12 मीटर लंबी ई-बस पर 40 लाख रुपये तथा 9 मीटर लंबी ई-बस पर 35 लाख रुपये का आकर्षक अनुदान देने का फैसला किया है। इसके अतिरिक्त, डिपो निर्माण के लिए आवश्यक भूमि संबंधित नगर निगमों द्वारा बिना किसी वित्तीय बोझ के पूर्णतः निःशुल्क उपलब्ध कराई जाएगी, जबकि यात्रियों के हितों को ध्यान में रखते हुए बस किराया और अन्य प्रयोक्ता शुल्क का निर्धारण सीधे राज्य सरकार द्वारा किया जाएगा। विशेषज्ञों के अनुसार, सरकार का यह निजी निवेश आधारित मॉडल सरकारी खजाने पर अतिरिक्त वित्तीय बोझ डाले बिना परिवहन सेवाओं की गुणवत्ता में अभूतपूर्व सुधार लाएगा। स्वस्थ प्रतिस्पर्धा के चलते निजी ऑपरेटर यात्रियों को समयबद्ध संचालन, बेहतर व्यवहार और अत्याधुनिक तकनीकी सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए सदैव तत्पर रहेंगे।

## जरा हटके

इस ऐतिहासिक ...

डॉ0 मनोज चन्द्रा

# स्वर्णिम लक्ष्यों के साथ 2047 तक कृषि महाशक्ति बनने की ओर अग्रसर उत्तर प्रदेश



उत्तर प्रदेश, देश की आध्यात्मिक और सांस्कृतिक धरोहर होने के साथ-साथ भारत की कृषि व्यवस्था का भी मुख्य आधार स्तंभ माना जाता है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के कुशल नेतृत्व और आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के विजनरी मार्गदर्शन में उत्तर प्रदेश की डबल इंजन सरकार राज्य के सर्वांगीण विकास के लिए पूरी निष्ठा के साथ समर्पित होकर कार्य कर रही है। ''विकसित उत्तर प्रदेश 2047 विजन'' के अंतर्गत राज्य सरकार ने कृषि क्षेत्र को आधुनिक, तकनीक-संचालित, टिकाऊ और अत्यधिक लाभकारी बनाने का एक महा-संकल्प लिया है। डबल इंजन सरकार की कल्याणकारी नीतियों, सुशासन और दूरदर्शी विजन का ही परिणाम है कि आज उत्तर प्रदेश कृषि के क्षेत्र में नित नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। सरकार का लक्ष्य वर्ष 2047 तक राज्य को एक वैश्विक कृषि महाशक्ति के रूप में स्थापित करना है। इस महान उद्देश्य को प्राप्त करने के लिए प्रदेश की संभावित छह ट्रिलियन डॉलर की कुल अर्थव्यवस्था में अकेले कृषि क्षेत्र से एक ट्रिलियन यू०एस० डॉलर का योगदान सुनिश्चित करने का एक अभूतपूर्व और अत्यंत महत्वाकांक्षी लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इस विराट संकल्प को सिद्ध करने के लिए राज्य सरकार संपूर्ण प्रदेश में नवाचार को बड़े पैमाने पर बढ़ावा दे रही है तथा जलवायु अनुकूल प्रजातियों को निरंतर विकसित कर रही है।

इस ऐतिहासिक आर्थिक महा-लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए डबल इंजन सरकार भूमि के कण-कण का प्रभावी उपयोग कर किसानों की समृद्धि सुनिश्चित कर रही है। वर्तमान समय में प्रदेश की फसल सघनता जो वर्ष 2023-24 में 182 प्रतिशत दर्ज की गई है, उसे विजन 2047 के तहत बढ़ाकर 250 प्रतिशत तक करने का शानदार और प्रभावी लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए सरकार द्वारा बेहतर सिंचाई प्रबंधन, वैज्ञानिक फसल नियोजन, गुणवत्ता युक्त कृषि निवेशों के सुचारू प्रबंधन और सर्वोत्कृष्ट नवीन तकनीकों को धरातल पर उतारा जा रहा है। इसके साथ ही फसलों के उत्पादन और उत्पादकता को नई ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए सरकार ने वर्ष 2047 तक खाद्यान्नों के बेहद सटीक और विशाल लक्ष्य तय किए हैं। इसके अंतर्गत राज्य सरकार गेहूं का उत्पादन बढ़ाकर 550 लाख मीट्रिक टन और उसकी उत्पादकता 55 कुन्तल प्रति हेक्टेयर करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। इसी प्रकार धान का उत्पादन लक्ष्य 320 लाख मीट्रिक टन और उत्पादकता 45 कुन्तल प्रति हेक्टेयर निर्धारित की गई है, जबकि मक्के का उत्पादन 110 लाख मीट्रिक टन और उत्पादकता को 70 कुन्तल प्रति हेक्टेयर तक पहुंचाने की शानदार रूपरेखा तैयार की जा चुकी है। प्रदेश सरकार तिलहन के उत्पादन को 63 लाख मीट्रिक टन व उत्पादकता 22 कुन्तल प्रति हेक्टेयर तथा दलहन के उत्पादन को 57 लाख मीट्रिक टन व उत्पादकता 20 कुन्तल प्रति हेक्टेयर तक बढ़ाने के लिए निरंतर प्रयासरत है, जिससे राज्य में कुल फसलों का उत्पादन 1160 लाख मीट्रिक टन तक पहुंच जाएगा। धरती माता की उर्वरता को अक्षुण्ण बनाए रखने के लिए सरकार पूरी संवेदनशीलता के साथ कार्य कर रही है, जिसके तहत मिट्टी में जीवांश कार्बन के स्तर को वर्तमान 0.8 से बढ़ाकर 1.0 तक करने का उत्कृष्ट लक्ष्य रखा गया है। इससे कृषि की उपज में भारी बढ़ोतरी होने के साथ-साथ दीर्घकालिक कृषि स्थिरता को जबरदस्त बढ़ावा मिलेगा और इसके लिए बड़े पैमाने पर हरी खाद, कंपोस्ट और उन्नत जैव उर्वरकों के प्रयोग को प्रोत्साहित किया जा रहा है। डबल इंजन सरकार के भगीरथ प्रयासों के अंतर्गत प्रदेश की 30 लाख हेक्टेयर बंजर व ऊसर भूमि का पूरी तरह से वैज्ञानिक उपचार करके उसे अत्यंत उपजाऊ और कृषि योग्य बनाया जा रहा है। इस उपचारित भूमि पर दलहन, तिलहन व अन्य नकदी फसलों का प्रचुर उत्पादन किया जाएगा, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में आजीविका के अवसरों में बहुत बड़ा सुधार होगा।

उत्तर प्रदेश की कृषि को वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी बनाने के लिए डबल इंजन सरकार इसे आधुनिक तकनीक से पूरी तरह लैस कर रही है। सरकार ने प्रदेश की प्रत्येक ग्राम पंचायत को आधुनिक कृषि मशीनरी से संतृप्त करने की योजना बनाई है, जिससे राज्य में लगभग 75 प्रतिशत मशीनीकृत आधारित कृषि को शत-प्रतिशत सुनिश्चित किया जाएगा। किसानों की कार्यक्षमता और सुविधा को बढ़ाने के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आधारित अत्याधुनिक उपकरणों, ट्रेंच प्लांटर्स और अन्य सटीक उपकरणों का समावेश किया जा रहा है और महिलाओं की भागीदारी सुगम बनाने के लिए जेंडर फ्रेंडली यंत्रों को बढ़ावा दिया जा रहा है। एग्री-टेक के क्षेत्र में क्रांतिकारी कदम उठाते हुए सरकार एआई, ड्रोन और रिमोट सेंसिंग तकनीकों पर आधारित एक एकीकृत एग्री-डिजिटल प्लेटफॉर्म विकसित कर रही है। इसके माध्यम से राज्य के किसानों को रियल-टाइम मौसम की सटीक जानकारी, प्रिसिजन फार्मिंग टूल्स और बेहतर निर्णय लेने वाली प्रणालियां आसानी से उपलब्ध कराई जा रही हैं। ग्राम पंचायत स्तर पर मौसम आधारित सभी प्रकार की सूचनाएं समय पर उपलब्ध कराने की मुकम्मल व्यवस्था की गई है, जिससे खेती को सुरक्षित बनाया जा सके।

# यूपी में थार डूबी, हाईवे की बाउंड्री धंसी

अलर्ट

## पुल के ऊपर से बह रही नदी, 10 शहरों में बारिश, 75 में अलर्ट

**तमसा संकेत, एजेंसी**

लखनऊ/वाराणसी । यूपी में मानसून जमकर बरस रहा है। पश्चिमी यूपी में नदियां उफना गई हैं। कई जगहों पर पुल के ऊपर से पानी बह रहा है। शुक्रवार देर रात 12.30 बजे लखनऊ, सुल्तानपुर, अयोध्या समेत 10 शहरों में तेज बारिश हुई। शनिवार तड़के तक रुक-रुक कर बूंदाबांदी होती रही।

बाकी शहरों में बादल छाए हैं। कहीं-कहीं धूप निकली है। मौसम विभाग ने अगले 24 घंटे के लिए सभी 75 जिलों में बारिश और ओले गिरने का अलर्ट जारी किया है। 13 शहरों में भारी बारिश का ऑरेंज और 27 शहरों में यलो अलर्ट है।

बिजनौर में गंगा और उसकी सहायक मालन नदी उफान पर है। पुल पर पानी आने से मेरठ-बिजनौर




हाईवे, हरिद्वार रोड समेत कई रूट पर यातायात बंद कर दिया गया है। हापुड़ में भारी बारिश की वजह से अंडरपास में पानी भर गया। थार कार डूब गई। जेसीबी से खींचकर बाहर निकाला। मेरठ में नेशनल हाईवे की बाउंड्री वॉल धंस गई। रेलवे अंडरपास में जलभराव होने से कार डूब गई। कार सवार दो युवक फंस गए। पुलिस ने रस्सी से खींचकर दोनों को निकाला। प्रदेश में 3 दिन में 15 लोगों की मौत हो चुकी है। सबसे ज्यादा 4 मौतें गाजियाबाद में हुई हैं। सीएम योगी ने अफसरों को फील्ड में उतरकर पीड़ितों को तुरंत मुआवजा दिलाने का निर्देश दिया है। भारी बारिश के बीच कानपुर के कल्याणपुर में शुक्रवार देर रात जीटी रोड पर अजगर पहुंच गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, अजगर सड़क पार कर रहा था। अचानक लोगों की नजर उस पर पड़ी। किसी भी अनहोनी की आशंका को देखते हुए स्थानीय लोगों ने तत्काल डायल-112 पर सूचना दी। सूचना मिलते ही कल्याणपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची। वन विभाग को सूचना दी। कुछ ही देर में वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और रेस्क्यू अभियान शुरू किया। करीब आधे घंटे की मशक्कत के बाद टीम ने अजगर को सुरक्षित पकड़ लिया।

### बिजनौर में 4 लड़के बहे, मुजफ्फरनगर में नहर टूटी

इससे पहले, भारी बारिश की वजह से शुक्रवार शाम 4 बजे बिजनौर में 2 हादसों में चार लड़के नदी के तेज बहाव में बह गए। एक को बचाया गया है, बाकी की तलाश जारी है। सहारनपुर में कब्रिस्तान की मिट्टी बह गई। कब्रों में दफन शव बहकर बाहर आ गए। मुजफ्फरनगर में नहर ओवरफ्लो होकर टूट गई। यूपी में पिछले 24 घंटे में सबसे ज्यादा 315 मिमी बारिश मेरठ के मवाना में रिकॉर्ड की गई। इसके बाद मुजफ्फरनगर के जानसठ में 270.1 मिमी बारिश रिकॉर्ड की गई।


मेरठ में अंडरपास में 5 फीट पानी भर गया। इसमें कार डूब गई। कार सवार दो युवकों को रस्सी के सहारे बचाया।

**मौसम वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने बताया बंगाल की खाड़ी में बना बारिश का सिस्टम अब मध्य प्रदेश के आसपास पहुंच गया है। इसका असर यूपी पर पड़ रहा है। इसलिए प्रदेश में मानसून ने जोर पकड़ लिया है। अगले 3-4 दिनों तक बारिश का सिलसिला जारी रहेगा। ज्यादातर शहरों में हल्की से मध्यम और कई शहरों में भारी से बहुत भारी बारिश होने की संभावना है।**

# बस ने अपनी ही सवारियों को रौंदा, 3 की हुई मौत

## उन्नाव में डंपर से टक्कर के बाद उतरे थे

**तमसा संकेत, एजेंसी**

उन्नाव। उन्नाव में शुक्रवार देर रात 3 बजे रोडवेज बस ने अपनी ही सवारियों को रौंद दिया। हादसे में 3 यात्रियों की मौत हो गई। जबकि, बस का कंडक्टर घायल हो गया। मौके पर अफरातफरी मच गई। चीख-पुकार के बीच दूसरे यात्रियों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने घायलों को जिला अस्पताल पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने तीन को मृत घोषित कर दिया। कंडक्टर का इलाज चल रहा है।

दरअसल, दही थाना क्षेत्र के पुरवा बाईपास मोड़ के पास रात ढाई बजे अयोध्या से कानपुर जा रही रोडवेज बस रात ढाई बजे सामने से आ रहे डंपर से टकरा गई। रफ्तार धीमी होने की वजह से कोई घायल नहीं हुआ। हादसे के बाद यात्री नीचे उतरकर बस और डंपर की हालत देखने लगे। 3 यात्री और कंडक्टर



बस और डंपर के बीच आकर दोनों गाड़ियों को हुए नुकसान को देखने लगे। इस बीच ड्राइवर ने बस आगे बढ़ा दी। चारों बस के नीचे आ गए। हादसे के बाद ड्राइवर मौके से फरार हो गया। राजेंद्र (40), रामनरेश (40) और शरद (20) की मौत हो गई। कंडक्टर इंद्रपाल सिंह (48) की हालत गंभीर है।

रामनरेश के ससुर की शुक्रवार दोपहर मौत हो गई थी। वो उनके अंतिम संस्कार के लिए पत्नी नीलम और 12 साल की बेटी के साथ कानपुर जा रहे थे। हादसे के बाद राम नरेश की पत्नी और बच्चे का रो-रोकर बुरा हाल हो गया।

फास्ट न्यूज

### अभिनेता बोमन ईरानी ने किया काशी विश्वनाथ का दर्शन

वाराणसी। बॉलीवुड के प्रसिद्ध अभिनेता बोमन ईरानी अपने दो दिवसीय वाराणसी दौरे पर काशी पहुंचे। इस दौरान उन्होंने श्री काशी विश्वनाथ धाम में बाबा विश्वनाथ के दर्शन-पूजन किए, पहले दिन गुरवार को उन्होंने गंगा में क्रूज यात्रा कर काशी के 84 घाटों की भव्यता को निहारा और शहर के ऐतिहासिक एवं धार्मिक स्थलों का भ्रमण किया।

### काशी के आसमान में फाइटर जेट ने उड़ान भरी

वाराणसी। वाराणसी में शनिवार की सुबह 10 बजे काशी के आसामान में भारतीय वायुसेना के लड़ाकू विमानों ने उड़ान भरी। इसमें राफेल और सूर्य किरण शामिल रहे। एक साथ तीन फाइटर जेट की तेज रफ्तार उड़ान से शहर के लोग चौंक पड़े। सुबह से ही अलग-अलग दिशा से उड़ान भरते हुए फाइटर जेट नमो घाट और शहर के ऊपर लगातार चक्कर लगाते रहे। यह वायुसेना दिवस के अवसर पर नमो घाट पर प्रस्तावित एयर शो की रिहर्सल के तहत हुआ। लड़ाकू विमानों को उड़ते देखने के लिए नमो घाट पर लोगों की भीड़ जुटी रही।

### बारिश थमने के बाद उमस भरी गर्मी

प्रयागराज। प्रयागराज में शनिवार सुबह से बादल छाए हुए हैं। इससे उमस का असर महसूस किया जा रहा है। मौसम विभाग ने आज दोपहर से तेज हवा के साथ बारिश होने की संभावना जताई है। विभाग के अनुसार, जिले में कहीं-कहीं गरज-चमक के साथ बारिश और तेज हवाएं चल सकती हैं। ऐसे में लोगों से मौसम को देखते हुए ही घर से निकलने और आवश्यक सावधानी बरतने की अपील की गई है।

## अयोध्या के पर्यटकों ने नैनीताल में गाड़ियों को मारी टक्कर

### नशे में धुत 5 युवकों ने होमस्टे संचालक को पीटा

**तमसा संकेत, एजेंसी**

हल्द्वानी। नैनीताल में देर रात शराब के नशे में स्कॉर्पियो चला रहे युवकों ने तीन गाड़ियों को टक्कर मार दी। हादसे में ऑल्टो कार में सवार एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और पुलिस को सूचना दी गई।

भीड़ बढ़ती देख स्कॉर्पियो सवार युवक मौके से भाग निकले। सूचना मिलते ही पुलिस ने पीछा कर बलराम सिंह को पकड़ लिया। वहीं, स्थानीय लोगों ने पीछा कर अयोध्या निवासी चार अन्य युवकों को भी दबोच लिया और पुलिस के हवाले कर दिया। एक आरोपी अभी भी फरार है। पुलिस के अनुसार, बलराम सिंह समेत पकड़े गए चार अन्य युवक अयोध्या के रहने वाले हैं। पुलिस ने स्कॉर्पियो को सीज कर सभी आरोपियों का मेडिकल टेस्ट कराया है। मेडिकल रिपोर्ट के



आधार पर उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। फरार आरोपी की तलाश जारी है।

होमस्टे संचालक से मारपीट कर भागे- शुक्रवार देर शाम उत्तर प्रदेश के अयोध्या निवासी 5 युवक अपनी स्कॉर्पियो गाड़ी (UP 32 RK 0095) से नैनीताल के तल्ला कैंची क्षेत्र पहुंचे। यहां किसी बात को लेकर उनका एक होमस्टे संचालक से विवाद हो गया। देखते ही देखते शराब के नशे में धुत युवक आपा खो बैठे और मारपीट पर उतारू हो गए। युवकों के हुड़दंग और मारपीट से पूरे क्षेत्र में हड़कंप मच गया।

## मेरठ से दिल्ली लेकर पहुंचीं, सपा प्रमुख बोले- न्याय दिलाने वाले थप्पड़ बरसा रहे

# ललिता हत्याकांड : इकरा ने पीड़ित परिवार को अखिलेश से मिलवाया

**तमसा संकेत, एजेंसी**

मेरठ। सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने शनिवार सुबह साढ़े 8 बजे मेरठ ललिता हत्याकांड के पीड़ित परिवार से मुलाकात की। दिल्ली के सरकारी आवास पर 1 घंटे 15 मिनट तक ललिता के परिवार से बंद कमरे में बात की। उन्हें 2 लाख रुपए का चेक सौंपा।

सूत्रों के मुताबिक, शुक्रवार रात अखिलेश ने परिवार को फोन कर दिल्ली मिलने के लिए बुलाया। कैराना सांसद इकरा हसन माता-पिता और भाई को लेकर दिल्ली पहुंचीं। पीड़ित परिवार ने अखिलेश को पूरी घटना बताई। अखिलेश ने ललिता के पिता से कहा- बेटी को न्याय मिलेगा। सरकार बनने पर परिवार के एक सदस्य को नौकरी देंगे।उन्होंने मेरठ के एसएसपी अविनाश पांडेय पर तंज भी कसा। कहा-जिस पुलिस से न्याय की उम्मीद होती है, उसके ही अधिकारी अन्याय और अहंकार के थप्पड़ जनता के गाल पर मार रहे हैं। वीडियो यूपी पुलिस की छवि को खंडित कर रहा है। इससे आम जनता के प्रति संवेदनशील पुलिसकर्मी शर्मिंदा हैं।

दरअसल, बीए की छात्रा ललिता गौतम का शव 17 मई को गन्ने के खेत में मिला था। परिजनों ने गैंगरेप के बाद हत्या का आरोप लगाते हुए कलेक्ट्रेट के बाहर प्रदर्शन किया था। सूचना पर SSP अविनाश पांडेय पहुंचे। आरोप है कि उन्होंने प्रदर्शन कर रहे लोगों को थप्पड़ मारे। पुलिस ने लाठीचार्ज कर प्रदर्शनकारियों को वहां से खदेड़ दिया।



**अखिलेश ने ललिता गौतम के परिवार की एसएसपी अविनाश पांडेय ने बुधवार को पुलिस वैन में घुसकर प्रदर्शनकारियों पर थप्पड़ बरसाए थे।**

### अखिलेश बोले- मेरठ की बेटी' के साथ महा-अत्याचार हुआ

इससे पहले अखिलेश ने 'X' पर लिखा- जब वो खुद ही बेलगाम हैं, जिसके हाथ में लगाम है तो फिर उनका क्या, जो उनके दरबार में दरबान हैं। 'मेरठ की बेटी' के साथ महा-अत्याचार हुआ। नामजद आरोपियों पर कमजोर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया, जबकि आंदोलनकारियों पर गंभीर धाराओं में मुकदमा लगाया गया। यह नाइंसाफी की पराकाष्ठा है। पीडीए अब सहेगा नहीं, कहेगा। सच तो ये है कि जिस राज्य का मुख्य ही महिलाओं के साथ, विशेष रूप से एक युवा मृतक की शोक-संतप्त मां से सरेआम अभद्रता का वाचन करे, उसकी पुलिस से कोई भी उम्मीद करना बेमानी है। मस्तिष्क का आदेश ही, उंगलियां मानती हैं।



### अखिलेश यादव बोले- सदन में उठाएंगे पूरा मामला

सूत्रों के मुताबिक, अखिलेश ने परिवार से कहा- आरोपी अंकुश का भाई अंकित जो PAC में है। उसे सस्पेंड किया गया है, उस पर भी मुकदमा कराकर अरेस्ट कराएंगे। कलेक्ट्रेट के गेट पर जो लोग ललिता गौतम के लिए न्याय की मांग कर रहे थे, जिन पर पुलिस ने लाठियां चलाईं, डंडे और थप्पड़ बरसाए, उनको भी न्याय दिलाएंगे। जिन 13 लोगों पर पुलिस ने न्याय मांगने के कारण मुकदमे लगाए हैं, उनके मुकदमे भी हटवाने के लिए पूरा प्रयास करेंगे। इस पूरे प्रकरण को सदन में उठाएंगे।

# इंटरनेशनल प्लेयर मारपीट-लूट में गिरफ्तार

## चंदौली में पिस्टल-चेन बरामद, पीएम मोदी भी कर चुके हैं तारीफ

**तमा संकेत, एजेंसी**

चंदौली। चंदौली में इंटरनेशनल जैवलिन खिलाड़ी शिवपाल सिंह को गिरफ्तार किया गया है। शुक्रवार दोपहर 12 बजे पुलिस ने मारपीट-लूट के मामले में कार्रवाई की। शिवपाल एशियन एथलेटिक्स चैंपियनशिप में रजत पदक जीत चुके हैं। पीएम मोदी ने भी मन की बात कार्यक्रम में उनकी तारीफ की थी।

घटना 21 जून को एक शादी समारोह के दौरान हुए झगड़े का है। शिवपाल पर युवक के साथ मारपीट कर सोने की चेन छीनने का आरोप है। आरोपियों की निशानदेही पर 14 ग्राम वजन की चेन, एक .32 बोर पिस्टल बरामद हुई है। पुलिस ने खिलाड़ी के भाई और साथी को भी पकड़ा है।

21 जून 2026 को चहनियां कस्बा स्थित विकास लॉन में एक शादी समारोह था। यहां बकाया रुपए को लेकर राहुल कुमार सोनी के साथ मारपीट की गई थी। शिवपाल सिंह और उसके साथियों पर इसका आरोप लगा। घटना में राहुल के गले से करीब 14 ग्राम वजन की सोने की चेन भी छीन ली गई। राहुल सोनी ने बलुआ थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। शुक्रवार को चहनियां चौराहे से शिवपाल सिंह और उनके सगे भाई नंदकिशोर सिंह और साथी सुधांशु सिंह उर्फ छोटू को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर झाड़ियों में छिपाकर रखी सोने की चेन और .32 बोर की पिस्टल बरामद की। पिस्टल का लाइसेंस नंदकिशोर सिंह पुत्र रामाश्रय सिंह के नाम पर दर्ज है।

शिवपाल सिंह इस समय बीएचयू में कोच के तौर पर प्रशिक्षण दे रहे हैं।

सीओ कृष्ण मुरारी शर्मा ने बताया कि शुक्रवार को चहनिया चौराहे पर दो बुलेट पर सवार तीन युवकों ने एक पिकअप चालक के साथ मारपीट की।


शिवपाल सिंह, इंटरनेशनल प्लेयर

**शानदार प्रदर्शन के बाद शिवपाल सिंह का खेल जीवन विवादों में घिर गया। डोपिंग के आरोप के बाद 2023 में उन पर प्रतिबंध लगा दिया गया। इसके बाद उनका खेल करियर लगभग ठहर गया। इस समय वह बनारस हिंदू विश्वविद्यालय (बीएचयू) में जैवलिन कोच के रूप में इंटर्नशिप करते हुए खिलाड़ियों को प्रशिक्षण दे रहे थे।**



### अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बनाया था नाम

शिवपाल सिंह चंदौली जिले के धानापुर ब्लॉक के हिंगुत्तरगढ़ गांव के रहने वाले हैं। उन्होंने अपनी प्रतिभा और मेहनत के दम पर नेशनल और इंटरनेशनल लेवल पर भारत का नाम रोशन किया। साल 2019 की एशियन एथलेटिक्स चैंपियनशिप में उन्होंने रजत पदक जीतकर देश को गौरवान्वित किया। उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 86.23 मीटर रहा, जो भारतीय जैवलिन थ्रो के बेहतरीन प्रदर्शनों में शामिल रहा।

शिवपाल सिंह का चयन 23 जुलाई, 2021 को टोक्यो ओलंपिक के लिए हुआ था। उनकी इस उपलब्धि की पूरे देश में तारीफ हुई थी। साल 2021 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी अपने रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' में शिवपाल सिंह की प्रशंसा की थी। 2022 में सीएम योगी आदित्यनाथ ने उन्हें प्रदेश के प्रतिष्ठित लक्ष्मण पुरस्कार से सम्मानित किया था।

## गोरखपुर में सपा नेताओं ने लगवाया विवादित पोस्टर

### लिखा- राम नाम जपना, चढ़ाया दान अपना





**तमसा संकेत, एजेंसी**

गोरखपुर। गोरखपुर शहर के शास्त्री चौक पर शुक्रवार देर रात सपा नेताओं ने अयोध्या राम मंदिर में चढ़ावा की रकम में गबन से जुड़े आरोपों वाला विवादित बैनर लगा दिया। सूचना मिलने पर नगर निगम की टीम व पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई की और बैनर हटवा दिया। बैनर लगाने वालों की पहचान कर उनके खिलाफ विधिक कार्रवाई की जा रही है।सपा महानगर अध्यक्ष शब्बीर कुरैशी और सपा नेता अरविंद शुक्ला शुक्रवार रात करीब 10:30 बजे बाइक से शास्त्री चौक पहुंचे। आरोप है कि दोनों ने कार्यकर्ताओं की मदद से बिना अनुमति विवादित बैनर लगवाया। इसी दौरान सूचना मिलने पर चौकी प्रभारी कलेक्ट्रेट घनश्याम उपाध्याय पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। बैनर हटाने को लेकर सपा नेताओं से उनकी कहासुनी भी हुई, जिसका वीडियो सामने आया है। बाद में सीओ कोतवाली ओंकार दत्त तिवारी, अपर नगर आयुक्त अतुल कुमार, प्रमोद कुमार समेत अन्य अधिकारियों की मौजूदगी में विवादित बैनर हटवा दिया गया।

**घटना : पुलिसवाले देखते रहे ■ काली स्कार्पियो से आए युवकों की दबंगई**

# युवती के बाल पकड़कर खींचे सरेआम पीटा

**तमसा संकेत, एजेंसी**

गोरखपुर । गोरखपुर में गुरुवार शाम करीब 6:30 बजे काली स्कॉर्पियो सवार युवकों ने बीच सड़क 24 वर्षीय युवती के बाल पकड़कर पीटा, उसके कपड़े फाड़ने की कोशिश की और गलत तरीके से छुआ। युवती सड़क पर मदद की गुहार लगाती रही। युवती का आरोप है कि पुलिस की मौजूदगी में आरोपी उसके साथ मारपीट और अभद्रता करते रहे, लेकिन पुलिसकर्मी मूकदर्शक बने रहे।

मामला शाहपुर थाना क्षेत्र का है। युवती की तहरीर पर शुक्रवार सुबह करीब 10 बजे अज्ञात बाइक सवार और काली स्कॉर्पियो सवार युवकों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई। एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। घटना का वीडियो



शनिवार को सामने आया। दरअसल, युवती अपने पिता का इलाज कराने कार से रेलवे हॉस्पिटल जा रही थी। रास्ते में उसकी कार की एक बाइक से टक्कर हो गई। इसके बाद दोनों पक्षों में कहासुनी हुई। आरोप है कि बाइक सवार ने अपने साथियों को बुला लिया। कुछ ही देर में काली स्कॉर्पियो से पहुंचे युवकों ने युवती पर हमला कर दिया और उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। रामगढ़ताल थाना क्षेत्र की रहने वाली 24 वर्षीय युवती ने पुलिस को बताया कि वह अपने बीमार पिता का इलाज कराने ग्रैंड विटारा कार से रेलवे हॉस्पिटल जा रही थी। रास्ते में एक बाइक सवार उसकी कार से टकरा गया।

**युवती के मुताबिक, आरोपी काफी देर तक उसके साथ मारपीट और अभद्रता करते रहे। वह मदद के लिए चीखती रही, लेकिन आरोपी बेखौफ रहे। पुलिसकर्मी मौके पर मौजूद थे, फिर भी आरोपी नहीं रुके। घटना के बाद युवती ने पुलिस और परिजनों को सूचना दी। उसने बताया कि सामने आने पर वह आरोपियों की पहचान कर सकती है।**



### एक आरोपी गिरफ्तारी, अन्य की पहचान कराई जा रही- एसपी सिटी

एसपी सिटी निमिष पाटिल ने बताया-युवती की तहरीर पर एफआईआर दर्ज कर ली गई है। एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। वह पादरी बाजार के मोहनापुर का रहने वाला है। मामले की जांच उप निरीक्षक दुर्गेश नंदनी को सौंपी गई है।

उन्होंने बताया कि शुरुआत में तहरीर के आधार पर हल्की धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया था। हालांकि, मारपीट का वीडियो सामने आने के बाद एफआईआर में हत्या के प्रयास, लज्जाभंग, संपत्ति को नुकसान पहुंचाने और मारपीट समेत अन्य गंभीर धाराएं जोड़ दी गई हैं।

# अखिलेश के कारण पंचायत चुनाव टले : मंत्री ओपी राजभर

## सरकार चुनाव कराने को तैयार थी, इस्लाम पर कहा- ये नफरत सिखाता है

**तमसा संकेत, एजेंसी**

अम्बेडकरनगर । सुभासपा (SBSP) प्रमुख और कैबिनेट मंत्री ओम प्रकाश राजभर ने यूपी में पंचायत चुनावों में हो रही देरी के लिए सीधे तौर पर समाजवादी पार्टी को जिम्मेदार ठहराया है।अंबेडकर-नगर में शुक्रवार दोपहर 2 बजे राजभर ने कहा- योगी सरकार समय पर पंचायत चुनाव कराने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध थी। पंचायती राज विभाग ने इसकी सारी तैयारियां और प्रक्रिया भी पूरी कर ली थी। लेकिन अखिलेश यादव की लीगल सेल के दखल के कारण यह मामला कानूनी दांव-पेंच में फंस गया।

राजभर ने कहा,हम चुनाव कराने के लिए तैयार बैठे थे, लेकिन इसी बीच अखिलेश यादव के लीगल सेल एडवाइजर की ओर से हाईकोर्ट में



एक याचिका दायर कर दी गई। इसके बाद हाईकोर्ट ने राज्य सरकार और राज्य निर्वाचन आयोग को तलब कर लिया। सरकार ने कोर्ट के सभी सवालों का समय पर जवाब भी दाखिल कर दिया था।

राजभर ने सनातन धर्म और इस्लाम को लेकर भी टिप्पणी की। उन्होंने कहा, सनातन भाईचारा, मेल-मिलाप और आपसी सद्भाव का संदेश देता है। जबकि इस्लाम नफरत सिखाता है।

### प्रधानों को प्रशासक बनाया, इस पर भी आपत्ति जता दी गई

कैबिनेट मंत्री ने बताया कि हाईकोर्ट के पिछले निर्देशों का पालन करते हुए सरकार ने तुरंत 'पिछड़ा वर्ग आयोग' का गठन भी कर दिया था। लेकिन अब एक नया मोड़ आ गया है। उन्होंने कहा, ₹अब जब ग्राम प्रधानों की जगह प्रशासक नियुक्त किए गए, तो इस पर भी आपत्ति जता दी गई। हाईकोर्ट ने अब आगामी 13 जुलाई को फिर से सरकार को तलब किया है और पूछा है कि प्रधानों की जगह प्रशासक कैसे नियुक्त कर दिए गए? अब सरकार कोर्ट में इसका जवाब दाखिल करेगी।

## उत्तराखंड घूमने जा रहे थे, कार डीसीएम में घुसी, चकनाचूर, अंदर फंसे तड़पते रहे

# आईटी कंपनी मालिक समेत चार की मौत

**हादसा**

तमसा संकेत, एजेंसी

रामपुर। यूपी के रामपुर में शनिवार को आईटी कंपनी के मालिक समेत 4 युवकों की सड़क हादसे में मौत हो गई। 3 की हालत गंभीर है। सभी उत्तराखंड घूमने के लिए जा रहे थे। सुबह 5 बजे उनकी ईको कार 100 की स्पीड में खड़ी डीसीएम में जा घुसी। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार चकनाचूर हो गई। अंदर फंसे लोग दर्द से तड़पते रहे। हादसे के बाद का एक वीडियो भी सामने आया है। इसमें शवों के बीच फंसा खून से लथपथ युवक लोगों से मदद की गुहार लगा रहा है। कह रहा है- भैया, बचा लो। सूचना पर पहुंची पुलिस ने कार को गैस कटर से काटकर शवों और घायलों



■ टक्कर इतनी भीषण थी कि कार के परखच्चे उड़ गए। उसे क्रेन की मदद से डीसीएम से अलग करना पड़ा।

को निकाला। इसके बाद उन्हें नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया। पुलिस के मुताबिक, शुरुआती जांच में झपकी आने से हादसा होने की आशंका है। मृतकों में दिल्ली निवासी अभिषेक अग्निहोत्री (30), नीरज (24), गुलबुद्दीन उर्फ सोनू (35) और बागपत निवासी कार्तिक (24) शामिल हैं। अभिषेक अग्निहोत्री नोएडा में 'इंडियन शॉप' नाम की आईटी कंपनी चलाते थे। वह अपने कर्मचारियों और दोस्तों के साथ जिम कॉर्बेट पार्क जा रहे थे। दोस्त पदम धीमान ने बताया- अभिषेक के परिवार में

### इंजीनियर कार्तिक की 2 साल पहले हुई थी शादी

हादसे में बागपत के रहने वाले कार्तिक राजपूत पुत्र योगेश राजपूत की भी जान गई है। वो BCA करने के बाद पिछले कई साल से नोएडा के सेक्टर-2 में जॉब कर रहे थे। परिवार में पत्नी भारती और एक साल की बेटी काशवी है। हादसे के बाद पत्नी और मां संगीता, बाबा कृष्णपाल, दादी हरकोर का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। कार्तिक की दो साल पहले ही शादी हुई थी।

> **थाना प्रभारी संदीप मिश्रा ने बताया-पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया है। उनके परिजन आ गए हैं। प्रारंभिक जांच में हादसे का मुख्य कारण कार की रफ्तार तेज होना और सुबह के समय चालक को झपकी आना माना जा रहा है।**

पत्नी, 4 साल की एक बेटी और दो विशाल और नितिन भाई हैं। वह आईटी कंपनी के मालिक थे। उनकी कंपनी दिल्ली-गुरुग्राम में कंप्यूटर सर्विस प्रोवाइड कराती थी। अभिषेक अक्सर अपने स्टाफ को ट्रिप पर ले जाते थे। वीकेंड पर घूमने का प्लान था, इसलिए हम सभी शुक्रवार देर रात साथ में जिम कॉर्बेट के लिए निकले थे। शनिवार को पूरे दिन घूमने के बाद शाम को ही लौटने का प्लान बनाया था।

हम लोग शुक्रवार की रात नौ बजे निकले थे। अभिषेक अपने 5



■ टक्कर इतनी भयानक थी कि ईको कार में बैठे लोग अंदर ही फंस गए।

कर्मचारियों और छोटे भाई विशाल के साथ ईको कार में थे। मैं और मेरे 4 दोस्त सियाज कार में थे। हादसे से कुछ देर पहले ही ईको कार का टायर पंचर हो गया था। उसे ठीक कराने में समय लगा।

## 15 जुलाई तक राममंदिर का काम संभालेंगे गोपाल राव

### प्रशासन से जुड़े कामों में मदद करेंगे

तमसा संकेत, एजेंसी

अयोध्या। अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट में नई व्यवस्थाएं लागू होने के बाद भी ट्रस्ट के विशेष आमंत्रित सदस्य रहे गोपाल राव 15 जुलाई तक मंदिर के कामकाज में सक्रिय रहेंगे। उन्होंने एक टीवी चैनल को दिए इंटरव्यू में बताया कि नए महासचिव को जिम्मेदारियां समझाने और व्यवस्थाओं को सुचारु रूप से संचालित करने के लिए उनसे सहयोग जारी रखने का अनुरोध किया गया है। उन्होंने कहा कि वे वित्तीय मामलों से अलग रहकर निर्माण और प्रशासन से जुड़े कार्यों में मदद करते रहेंगे। वहीं, राम मंदिर चढ़ावा चोरी मामले की जांच अब तेज हो गई है। पुलिस ने आरोपियों के संपर्क में रहे करीब 20 लोगों को जिला छोड़ने से मना किया है। साथ ही 50 से अधिक लोगों को नोटिस भेजकर पूछताछ के लिए बुलाया



गया है। जांच अधिकारी आरोपियों के संबंधों, लेन-देन और मुलाकातों की जानकारी जुटा रहे हैं। इन तथ्यों का मिलान कॉल डिटेल, बैंक रिकॉर्ड और अन्य साक्ष्यों से किया जा रहा है। जांच में यह भी पता चला है कि महाकुंभ के दौरान 45 दिनों तक दानपात्रों में जमा रकम की गिनती नहीं हुई थी। बाद में नोटों की गिनती के लिए अतिरिक्त कर्मचारियों को रखा गया, जिनमें चोरी के आरोप में गिरफ्तार कुछ कर्मचारी भी शामिल थे। अब उनकी नियुक्ति की प्रक्रिया और दानपात्रों की चाबियों के रखरखाव की भी जांच की जा रही है।

**फास्ट न्यूज**

### राममंदिर चढ़ावा प्रकरण पर सचिन पायलट ने भाजपा को घेरा

आगरा। आगरा में शनिवार दोपहर तीन बजे अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के कार्यसमिति सदस्य एवं राजस्थान के पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट ने प्रेसवार्ता करते हुए राम मंदिर चढ़ावा प्रकरण को लेकर कई सवाल खडे. किए। उन्होंने कहा कि "राम मंदिर चढ़ावा चोरी" आस्था के नाम पर धोखा और लूट का मामला है, जिसमें बड़े स्तर पर घोटाले के संकेत मिल रहे हैं।

### कानपुर में शादीशुदा प्रेमी-प्रेमिका ने होटल में किया सुसाइड

कानपुर । कानपुर के एक होटल में शनिवार को शादीशुदा बॉयफ्रेंड और गर्लफ्रेंड ने सुसाइड कर लिया। शाम करीब 4 बजे जब दोनों बाहर नहीं आए तो होटल कर्मी देखने गए। उन्होंने दरवाजे पर आवाज दी। मगर अंदर कोई उत्तर नहीं मिला। इसके बाद होटल कर्मियों ने पुलिस को सूचना दी। 4.30 बजे पुलिस पहुंची। दरवाजा खुलवाया तो देखा कि दोनों जमीन पर पड़े थे। पुलिस ने दोनों को अस्पताल भेजा। जहां डॉक्टरों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया।

सूचना पर एसीपी कलक्टरगंज आनंद ओझा मौके पर पहुंचे।

### प्रयागराज में फिर सक्रिय हुआ बैट्री चोर गिरोह

प्रयागराज। प्रयागराज में कारों की बैट्री चोरी करने वाला गिरोह एक बार फिर सक्रिय हो गया है। इस बार चोरों ने सिविल लाइंस इलाके में घर के बाहर खड़ी कार को निशाना बनाया। ई-रिक्शे से आए दो युवक कुछ ही मिनटों में कार की बैट्री निकालकर फरार हो गए। पूरी वारदात पास में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर फुटेज के आधार पर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

# फर्जी बैनामा कर 45 लाख की धोखाधड़ी का खुलासा

तमसा संकेत, संवाददाता

बाराबंकी । जनपद के थाना बदोसराय पुलिस टीम द्वारा कूटरचित दस्तावेज के आधार पर फर्जी बैनामा कर 45 लाख की धोखाधड़ी करने वाले 06 अभियुक्तो को किया गया गिरफ्तार, कब्जे से घटना कारित करने में अभियुक्तों द्वारा प्रयुक्त स्विफ्ट कार बरामद किया गया ।

बड़ा सवाल! कूटरचित दस्तावेज समय फर्जी तरीके से जमीन का मालिक का आंख द्वारा पहचान बायोमेट्रिक्स का एक सबसे सुरक्षित तरीका है। इसमें मुख्य रूप से आइरिस स्कैन और रेटिना स्कैन का उपयोग किया जाता है, जो आंख की पुतली में मौजूद अद्वितीय पैटर्न को मापकर किसी व्यक्ति की पहचान करते हैं। अगर ऐसी प्रक्रिया अपनाई जाय तो निश्चित रोकथाम होगी ।

09 जुलाई26 को वादिनी



कृष्णावती पत्नी स्व० रामहरख निवासिनी चन्दवारा थाना सफदरगंज जनपद बाराबंकी द्वारा तहरीर दी गई कि उसने दिनांक 07 मई 26 को बंशीलाल पुत्र संतराम निवासी डेरेराजा थाना टिकैतनगर जनपद बाराबंकी की भूमि गाटा 487/1.2890 हेक्टेयर का बैनामा कराया था, किन्तु उपरोक्त बंशीलाल पुत्र संतराम के स्थान पर फर्जी बंशीलान ने कूटरचित दस्तावेज तैयार करके उपरोक्त बैनामा कर दिया गया, जिसमें अन्य लोग भी शामिल थे, जिनके द्वारा भूमि के बैनामे के लिए पैंतालीस लाख रुपये (45,00,000/-), जिसमें 15 लाख आरटीजीएस व 30 लाख नकद उससे धोखाधड़ी करके हड़प लिए गये।

### अपराध कारित करने का तरीका

पूछताछ एवं जांच से ज्ञात हुआ कि गिरफ्तार अभियुक्तगण द्वारा थाना टिकैतनगर क्षेत्रान्तर्गत ग्राम डेरेराजा में वादिनी के पुत्र को 13 बीघा जमीन दिखाई गई। अभियुक्तगण ने गिरफ्तार अभियुक्त बंशी को फर्जी तरीके से जमीन का मालिक बंशीलाल बनाकर पेश कर जमीन का 45 लाख रुपये में सौदा तय करा दिया गया तथा तहसील सिरौली गौसपुर में कृष्णावती के नाम बैनामा करा दिया गया। वादिनी व वादिनी के पुत्र को बैनामा कराई गई जमीन के कब्जे के दौरान हुई धोखाधड़ी के सम्बन्ध में जानकारी हुई थी। घटना में संलिप्त अन्य अभियुक्तगण की शीघ्र गिरफ्तारी के प्रयास किये जा रहे हैं।

## यूपी में कांवड़िए ने इंस्पेक्टर को धमकाया, डीजे से उतरने को कहा तो बदसलूकी की

# 'वर्दी का गुरूर है तो बताओ पांच मिनट में उतरवा दूंगा'



तमसा संकेत, एजेंसी

मुजफ्फरनगर। मुजफ्फरनगर में शुक्रवार रात 10 बजे कांवड़ियों के जत्थे ने पुलिसकर्मियों के साथ धक्का-मुक्की की। गाली-गलौच की। सरेआम को इंस्पेक्टर को धमकाया। कहा कि ज्यादा वर्दी का गुरूर हो तो बता दो, अभी 5 मिनट में उतरवा दूंगा। दरअसल, 50 से ज्यादा लोग हरिद्वार से कांवड़ लेकर गाजियाबाद जा रहे थे। कुछ लोग डबल रूफ वाली डीजे कांवड़ पर खड़े थे। ऊपर से 11 हजार वोल्ट की लाइन गुजर रही थी। हादसे की आशंका देखते हुए पुलिस ने जत्थे को रोका। कोतवाली प्रभारी ने नीचे उतरने को कहा तो कांवड़िए भड़क गए। सख्ती की तो अभद्रता करने लगे। एक कांवड़िया इंस्पेक्टर बृजेश शर्मा से बहस करने



लगा। मामला कोतवाली क्षेत्र का है। जानकारी के मुताबिक, हरिद्वार से गंगाजल लेकर गाजियाबाद लौट रहे कांवड़ियों के एक जत्थे की शिव चौक पर पुलिस से तू-तू, मैं-मैं हो गई। देखते ही देखते कहासुनी ने गाली-गलौच तक पहुंच गई। दरअसल, कांवड़ यात्री मुजफ्फरनगर के शिव चौक पर कांवड़ रखकर परिक्रमा करते हैं। फिर आगे बढ़ते हैं। कांवड़ियों का एक जत्था नॉवल्टी चौराहे के पास एक डबल रूफ वाले DJ के साथ पहुंचा। कुछ लोग उसकी छत पर खड़े हो गए। नाचने-गाने लगे। चौक पर कोतवाली प्रभारी बृजेश शर्मा कुछ पुलिसकर्मियों के साथ तैनात थे। उन्होंने ऊपर चढ़े लोगों से नीचे आने को कहा। कहना था कि करंट की चपेट में आने से बड़ा हादसा हो सकता है।

### माफी मांगने की मांग पर अड़े थे

आरोप है कि कांवड़ियों ने कुछ पुलिसकर्मियों के साथ धक्का-मुक्की और अभद्रता की। इस दौरान कांवड़ियों में शामिल युवक मोहित चौधरी लगातार कोतवाली प्रभारी के माफी मांगने की मांग पर अड़ा रहा। दोनों के बीच तीखी नोकझोक हुई। उसने सीओ के सामने भी कोतवाली प्रभारी के साथ अभद्रता की।

> **पुलिस का कहना है कि पूरे घटनाक्रम की जांच की जा रही है। कानून व्यवस्था भंग करने, पुलिस कार्य में बाधा डालने पर कार्रवाई की जाएगी। मीडियाकर्मियों से भी मारपीट की बात सामने आई है। दो नामजद और 15 अज्ञात के खिलाफ तहरीर मिली है।**

## चंदौली में बीच सड़क पर बना था, रास्ता चौड़ा करने के लिए तोड़ रहे थे, मौके पर अफरा-तफरी मच गई

# बुलडोजर चलने पर मंदिर भरभराकर गिरा, 1 की मौत

तमसा संकेत, एजेंसी

चंदौली। यूपी के चंदौली में बुलडोजर एक्शन के दौरान काली माता मंदिर का गुंबद अचानक भरभराकर गिर गया। हादसे में एक मजदूर की मौत हो गई, दूसरा घायल हो गया। हादसे के वक्त दोनों मजदूर करीब 10 फीट दूर रस्सी पकड़े खड़े थे। लेकिन, गुंबद इतनी तेजी से गिरा कि दोनों भाग नहीं सके और उसकी चपेट में आ गए।

इसके बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। लोगों ने किसी तरह गुंबद हटाकर दोनों मजदूरों को बाहर निकाला। 200 साल पुराना यह मंदिर सड़क के बीचोंबीच बना था। मुगलसराय-वाराणसी मार्ग के चौड़ीकरण के चलते मंदिर को तोड़ा



जा रहा था। इसी दौरान हादसा हो गया।

वीडियो में दिख रहा है कि बलदेव यादव और दूसरा मजदूर रस्सी पकड़े खड़े हैं, जबकि बुलडोजर मंदिर तोड़ रहा है।

> **घटना का वीडियो भी सामने आया है। सूचना मिलते ही अधिकारी मौके पर पहुंचे और काम रुकवा दिया। घटना मुगलसराय की शुक्रवार रात 11 बजे की है। मजदूर की पहचान 58 साल के बलदेव यादव के रूप में हुई है।**

तभी मंदिर भरभराकर गिरने लगता है। मंदिर का गुंबद बुलडोजर से टकराने के बाद दिशा बदलकर दोनों मजदूरों की तरफ मुड़ जाता है। दोनों भागने की कोशिश करते हैं, लेकिन गुंबद बैरिकेडिंग तोड़ते हुए उन पर गिर जाता है। आसपास मौजूद लोगों और पुलिसकर्मियों ने दोनों को बाहर निकाला और सीएचसी पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने बलदेव को मृत घोषित कर दिया, जबकि दूसरे मजदूर का इलाज चल रहा है।

### भाई बोला- परिवार को 50 लाख मुआवजा मिले

झुमरी के रहने वाले नथनी यादव ने आरोप लगाया कि भाई बलदेव की मौत के करीब एक घंटे बाद उन्हें घटना की जानकारी दी गई। जब वे मौके पर पहुंचे, तब भी किसी ने सही बात नहीं बताई। काफी पूछने पर एक पुलिसकर्मी ने भाई का मोबाइल फोन सौंपा। उन्होंने मांग की कि परिवार को 50 लाख रुपए का मुआवजा और बलदेव के बेटे को नौकरी दी जाए।



■ यह बलदेव है, जिसकी मंदिर के मलबे के नीचे दबकर मौत हो गई।

### एसडीएम बोले- परिवार की हरसंभव मदद करेंगे

एसडीएम राजीव मोहन सक्सेना ने कहा कि परिवार की हरसंभव मदद की जाएगी। फिलहाल मामले की जांच की जा रही है। सड़क चौड़ीकरण का काम एक प्राइवेट कंपनी को मिला था। बलदेव पिछले 3 साल से उसी कंपनी में काम कर रहे थे। कंपनी की ओर से भी परिवार की मदद की जाएगी।

## पठानकोट में अमरनाथ यात्रियों की बस को मारी टक्कर

### गाजियाबाद के श्रद्धालु की मौत, खिड़की से बाहर गिरा

तमसा संकेत, एजेंसी

पठानकोट। पठानकोट-जम्मू नेशनल हाईवे पर सुजानपुर रेलवे ओवरब्रिज के पास श्री अमरनाथ यात्रा से लौट रहे श्रद्धालुओं की बस को ट्राले ने साइड मार दी। हादसे में बस की पिछली सीट पर बैठा एक श्रद्धालु खिड़की से बाहर जा गिरा। गंभीर चोट लगने के कारण उसकी मौत हो गई, जबकि तीन अन्य श्रद्धालुओं को मामूली चोटें आईं।

मृतक की पहचान अंशुल गहलोत (25) के रूप में हुई है। वह उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद जिले के राजनगर एक्सटेंशन स्थित उर्वशी एन्क्लेव, वरदान अस्पताल के पास का निवासी था। सूचना मिलते ही सुजानपुर पुलिस मौके पर पहुंची और ट्राला व बस को कब्जे में लेकर ट्राला ड्राइवर के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया। प्राथमिक जांच में सामने आया कि बस में करीब 39 श्रद्धालु सवार थे, जो श्री



अमरनाथ यात्रा से लौट रहे थे। उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद स्थित मानसरोवर कॉलोनी, कवि नगर निवासी रविंद्र यादव ने पुलिस को दिए बयान में बताया कि वह अपने दोस्त अंशुल गहलोत के साथ यूपी नंबर की बस में यात्रा कर रहे थे, जिसे प्रेम यादव चला रहा था। गुरूवार देर रात बस में सवार सभी श्रद्धालु श्री अमरनाथ यात्रा से अपने घर लौट रहे थे। अंशुल बस की पिछली सीट पर बैठा था। रविंद्र यादव के अनुसार, जैसे ही बस पठानकोट-जम्मू नेशनल हाईवे पर सुजानपुर रेलवे ओवरब्रिज पार कर रही थी, तभी एक तेज रफ्तार ट्राला गलत तरीके से चलाते हुए उनकी ओर आया और बस को साइड से टक्कर मार दी।

## पृष्ठ 01 का शेष...

### राममंदिरः रिटायर...

वहीं, श्रीराम मंदिर में मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) की नियुक्ति को लेकर बड़ी खबर है। चयन समिति की ओर से बताया गया है कि सीईओ ऐसा रिटायर्ड आईएएस या उसके समकक्ष अधिकारी होगा, जो कम से कम 20 साल सरकारी सेवा में रहा हो। इसके अलावा उसे किसी मंदिर के संचालन का अनुभव रहा हो। ये नियुक्ति 3 साल के लिए होगी। बाद में ट्रस्ट बोर्ड कार्यकाल बढ़ा भी सकता है। सीईओ को अयोध्या में ही रहना होगा। आवेदन ई-मेल से ही स्वीकार किए जाएंगे। इसके लिए अलग ई-मेल आईडी होगी जारी। इधर, गोरखपुर में शुक्रवार रात सपा नेता अरविंद उपेंद्र दत्त शुक्ला ने पोस्टर लगवाए हैं। इसमें लिखा है- राम नाम जपना, श्रद्धालुओं द्वारा चढ़ाया दान अपना।' 'रामचंद्र कह गए सिया से, ऐसा कलयुग आएगा, चोर करेगा मंदिर में चोरी, चौकीदार देखता रह जाएगा।' रायबरेली में विश्व हिंदू रक्षा परिषद (विहिप) के राष्ट्रीय महामंत्री राहुल सिंह ने सपा पर पलटवार करते हुए पोस्टर लगवाए हैं। इसमें लिखा है- राम मंदिर के चंदे पर सवाल, आतंकवाद के चंदे पर खामोशी? प्रभु राम हमारी आस्था हैं, राजनीति का हथियार नहीं।

### देश के 70% हिस्से से...

भारी बारिश के कारण हुए भूस्खलन से उत्तराखंड में 120 सड़कें बंद हो गईं। वहीं, यमुनोत्री नेशनल हाईवे का एक हिस्सा बह जाने के बाद, करीब 100 तीर्थयात्रियों को रस्सियों से बाहर निकाला गया।

तीन दिन पहले महाराष्ट्र के पालघर में आई बाढ़ का एक वीडियो सामने आया है, जिसमें एक परिवार, महिला सदस्य का शव छत पर ले जाने के लिए मजबूर होना पड़ा। यह घटना पालघर के केलवे के पूर्व में स्थित देवीपाड़ा की है। जहां बारिश के बाद आई बाढ़ से चारों तरफ पानी भर गया था। परिवार करीब 4 घंटे तक छत पर फंसा रहा। परिवार का आरोप है कि उनकी मदद करने कोई नहीं पहुंचा। अब यह वीडिया सोशल मीडिया पर वायरल है।

### परिवार बोला- पहले...

उसके परिवार को पता था कि वह कहां है, लेकिन पुलिस को इसकी जानकारी नहीं थी और मामला ठंडे बस्ते में डाल दिया गया। घटना के 20 दिन बाद हमने उन्हें फिर से बताया कि वह घूम रहा है और कह रहा है कि वह लड़की को मार डालेगा।

उन्होंने कहा कि वे उसे ढूंढ रहे हैं। मामला दर्ज होने के सिर्फ दो दिन बाद ही वह जमानत पर बाहर आ गया था। उसने रिश्वत दी थी और मामला दबा दिया गया। अब उसने लड़की की हत्या कर दी है और यह सब पुलिस की लापरवाही की वजह से हुआ है। उन्हें सस्पेंड किया जाना चाहिए और आरोपी को हमारे हवाले कर देना चाहिए।

### नौसेना में शामिल हुआ...

उन्होंने कहा कि जिस तरह सूरत 'डायमंड सिटी' और बेंगलुरु 'सिलिकॉन वैली' के नाम से जाना जाता है, उसी तरह आने वाले समय में कुरनूल देश का ड्रोन हब बनेगा।

75% से ज्यादा स्वदेशी तकनीक: इसे भारतीय नौसेना के वॉरशिप डिजाइन ब्यूरो ने डिजाइन किया है और मुंबई स्थित मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स लिमिटेड (MDL) ने तैयार किया है। युद्धपोत में 75% से ज्यादा स्वदेशी उपकरण और तकनीक का इस्तेमाल किया गया है। इसके निर्माण में देशभर की कई MSME कंपनियों ने भी योगदान दिया है, जिससे रक्षा उत्पादन को बढ़ावा मिलने के साथ रोजगार के अवसर भी बढ़े हैं।

मॉडर्न हथियारों से लैस: महेंद्रगिरि में आधुनिक सरफेस-टू-सरफेस और सरफेस-टू-एयर मिसाइल सिस्टम, एडवांस इलेक्ट्रॉनिक वॉरफेयर सिस्टम, एंटी-सबमरीन वॉरफेयर सिस्टम और इंटीग्रेटेड कॉम्बैट मैनेजमेंट सिस्टम लगाए गए हैं।

स्टेल्थ तकनीक और हाई-स्पीड क्षमता: महेंद्रगिरि में उन्नत स्टेल्थ तकनीक दी गई है, जिससे इसकी रडार पर पहचान करना मुश्किल होगा। इसमें कम्बाइंड डीजल और गैस (CODOG) प्रोपल्शन सिस्टम लगाया गया है, जो इसे लंबी दूरी तक तेज गति से संचालन की क्षमता देता है।

### पिता खामेनेई की मौत...।

ट्रुथ सोशल पर ट्रम्प ने लिखा कि ईरान की ओर 1000 मिसाइलें तैयार हैं और जरूरत पड़ने पर हजारों और मिसाइलें दागी जाएंगी।

ईरान बोला- इजराइल ने हमला किया तो नही बचेगा: ईरान की सुप्रीम नेशनल सिक्योरिटी काउंसिल ने कहा कि अगर इजराइल ने उसके अहम ठिकानों पर फिर हमला किया तो कड़ा जवाब दिया जाएगा। इससे पहले इजराइली पीएम नेतन्याहू ने हमले की चेतावनी दी थी।

अमेरिका बोला- होर्मुज पर ईरान का कंट्रोल नहीं: अमेरिकी सेंट्रल कमांड (CENT-COM) ने ईरान के उस दावे को खारिज कर दिया कि होर्मुज स्ट्रेट से गुजरने वाले जहाजों पर उसका नियंत्रण है। CENT-COM ने कहा कि अब तक 800 से ज्यादा कारोबारी जहाजों और 38 करोड़ बैरल कच्चा तेल होर्मुज पार कर गया है।

कतर ने अमेरिका और ईरान से तनाव कम करने की अपील की: कतर ने दोनों देशों से समझौते का पालन करने और बातचीत जारी रखने की अपील की। साथ ही होर्मुज स्ट्रेट में जहाजों की सुरक्षित आवाजाही बनाए रखने पर जोर दिया। रूस बोला- ब्रिटेन, फ्रांस, जर्मनी ने अमेरिका-इजराइल का साथ दिया: UNSC की आपात बैठक में रूस की प्रतिनिधि ने आरोप लगाया कि ब्रिटेन, फ्रांस और जर्मनी ने ईरान के नागरिक ढांचे पर अमेरिका और इजराइल के हमलों का समर्थन किया। IEA की चेतावनी- तेल आपूर्ति पर खतरा: अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी (IEA) ने कहा कि अमेरिका-ईरान तनाव बढ़ा तो वैश्विक तेल आपूर्ति प्रभावित हो सकती है और ऊर्जा संकट लंबा खिंच सकता है। ईरान के कार्यवाहक रक्षा मंत्री मजीद इब्न अल-रेजा ने दावा किया है कि युद्ध के दौरान देश ने अपने ड्रोन उत्पादन की क्षमता तीन गुना बढ़ा ली। तस्नीम न्यूज एजेंसी के मुताबिक, उन्होंने कहा कि युद्ध के सबसे कठिन दौर में भी रक्षा उत्पादन नहीं रुका। सऊदी विदेश मंत्रालय के मुताबिक, दोनों नेताओं ने क्षेत्रीय हालात पर चर्चा की और अमेरिका-ईरान के बीच मध्यस्थता की कोशिशों का समर्थन करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि दोनों देशों के बीच बातचीत आगे बढ़नी चाहिए, ताकि व्यापक समाधान निकल सके और क्षेत्र में शांति व स्थिरता बनी रहे। तेहरान की यूनिवर्सिटी ऑफ एप्लाइड साइंसेज एंड टेक्नोलॉजी के प्रोफेसर मोस्तफा खोशचेश्म ने अल जजीरा से कहा कि होर्मुज स्ट्रेट हमेशा से ईरान के नियंत्रण में रहा है और ईरानी लोग युद्ध के बाद इस पर अपना नियंत्रण छोड़ना मंजूर नहीं करेंगे।

उन्होंने कहा कि युद्ध के दौरान होर्मुज स्ट्रेट बंद होने से तेल की कीमतें तेजी से बढ़ीं और यह ईरान का सबसे बड़ा दबाव बनाने वाला हथियार बन गया। इससे अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रम्प पर घरेलू दबाव बढ़ा और वह सैन्य ताकत के जरिए भी होर्मुज स्ट्रेट को दोबारा नहीं खुलवा सके।

### वन नेशन, वन इले...

वहीं, 2034 तक पूरे देश को साझा चुनावी चक्र में लाने का लक्ष्य है।

लॉ कमीशन के पूर्व सदस्य और मोहनलाल सुखाड़िया यूनिवर्सिटी के लॉ कॉलेज के डीन आनंद पालीवाल ने कहा कि एक देश-एक चुनाव' को चरणबद्ध तरीके से लागू करने के लिए संवैधानिक विकल्प मौजूद हैं। कुछ राज्यों में विधानसभा का कार्यकाल पूरा होने से पहले चुनाव कराए जा सकते हैं।

उन्होंने कहा कि कुछ राज्यों में कार्यकाल बढ़ाने के विकल्प भी हैं। भारत में पहले भी विशेष परिस्थितियों में लोकसभा और विधानसभाओं के कार्यकाल में बदलाव किए गए हैं। हालांकि किसी भी व्यापक बदलाव के लिए संसद द्वारा आवश्यक कानूनी प्रावधान और राजनीतिक सहमति जरूरी होगी।

'एक राष्ट्र-एक चुनाव' पर विचार करने के लिए पूर्व राष्ट्रपति राम नाथ कोविंद की अध्यक्षता में 2 सितंबर 2023 को एक पैनल का गठन किया गया था। इस पैनल ने हितधारकों-विशेषज्ञों के साथ चर्चा और 191 दिनों के शोध के बाद 14 मार्च को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को अपनी रिपोर्ट सौंपी थी।

### सपा का इतिहास...

सपा का इतिहास राम भक्तों के खून से सना हुआ है। इन्होंने भारत की विरासत को, आस्था को अपमानित किया है। लेकिन आज जब डबल इंजन की सरकार है तो विरासत का भी सम्मान कर रही है और विकास को भी तेजी से आगे बढ़ा रही है। इसे कांग्रेस व सपा पचा नहीं पा रही है।

इससे पहले योगी ने आयुष विश्वविद्यालय में दो छात्रावासों का उद्घाटन किया। बांसस्थान स्थित 758 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं के लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। बच्चों का अन्नप्राशन किया। इस दौरान योगी ने बच्चों को गोद में खिलाया।

### 25वां ग्रैंडस्लैम जीतने का सपना टूटा, 15 साल छोटे सिनर ने सीधे सेटों में हराया, तेंदुलकर-गिल रोजर फेडरर से मिले

# जोकोविच विंबलडन सेमीफाइनल हारे

**निराश**

■ सचिन, गिल और लारा ने रॉयल बॉक्स से मैच देखा, फेडरर से मिले



लंदन, एजेंसी

39 साल के दिग्गज टेनिस स्टार नोवाक जोकोविच का 25वां ग्रैंड स्लैट जीतने का सपना एक बार फिर टूट गया है। वे विंबलडन टेनिस चैंपियनशिप के सेमीफाइनल में खुद से 15 साल छोटे 24 साल के जैनिक सिनर से सीधे सेटों में हार गए। सर्बिया के जोकोविच ने पिछला ग्रैंड स्लैम 3 साल पहले 2023 में जीता था। तब वे यूएस ओपन में चैंपियन बने थे।

लंदन के ऑल इंग्लैंड क्लब में शुक्रवार को इटली के सिनर ने जोकोविच को 6-4, 6-4, 6-4 से हराया। वे लगातार दूसरे साल फाइनल में पहुंचे हैं। वर्ल्ड नंबर-1 सिनर ने पिछले साल स्पेन के कार्लोस अल्काराज को हराया था। इस बार सिनर का मुकाबला रविवार को जर्मनी के अलेक्जेंडर ज्वेरेव से होगा।

जोकोविच अब तक 24 ग्रैंड स्लैम जीत चुके हैं। वे 25वें टाइटल की तलाश में उतरे थे, लेकिन उन्हें सफलता नहीं मिली। उन्हें साल की शुरुआत में ऑस्ट्रेलिया ओपन के फाइनल में स्पेन के कार्लोस अल्काराज ने हराया था। फ्रेंच ओपन में वे तीसरे राउंड से बाहर हो गए थे।

#### एक भी सेट नहीं जीत सके जोकोविच

सिनर ने सेमीफाइनल मुकाबले में आक्रामक खेल दिखाया। उन्होंने जोकोविच को लगातार तीन सेटों में 2 घंटे 20 मिनट चले मैच में मात दी। इस जीत के साथ सिनर इस साल ऑस्ट्रेलियन ओपन के सेमीफाइनल में मिली 5 सेटों की हार का भी बदला ले लिया।

#### जर्मनी के ज्वेरेव पहली बार विंबलडन फाइनल में

जेंटलमेंन सिंगल्स कैटेगरी के पहले सेमीफाइनल में जर्मनी के अलेक्जेंडर ज्वेरेव ने ब्रिटेन के वाइल्ड कार्ड खिलाड़ी आर्थर फेरी को 7-6, 6-2, 6-4 से हराया। ज्वेरेव पहली बार विंबलडन के फाइनल में पहुंचे हैं। 29 साल के ज्वेरेव 1995 के बाद विंबलडन फाइनल में पहुंचने वाले पहले जर्मन खिलाड़ी बने हैं। साथ ही वे फ्रेंच ओपन जीतने के बाद अगले ही ग्रैंड स्लैम के फाइनल में पहुंचने वाले ओपन एरा के तीसरे खिलाड़ी भी बन गए। उन्होंने पूरे टूर्नामेंट में अब तक सिर्फ दो सेट गंवाए हैं।



■ सेमीफाइनल मैच हारने के बाद फैंस को बाय करते जोकोविच।

सेंटर कोर्ट के रॉयल बॉक्स में भारतीय दिग्गज सचिन तेंदुलकर, टेस्ट कप्तान शुभमन गिल, वेस्टइंडीज के ब्रायन लारा और फुटबॉलर वर्जिल वान डाइक समेत कई खेल सितारे मौजूद रहे। विंबलडन ने सचिन का स्वागत करते हुए उन्हें क्रिकेट रॉयल्टी बताया।

# स्पेन फुटबॉल वर्ल्डकप के सेमीफाइनल में

### बेल्जियम पर भारी पड़ी गोलकीपर लामेन्स की गलती

इंगलवुड (अमेरिका), एजेंसी



2010 की चैंपियन स्पेन फुटबॉल वर्ल्ड कप 2026 के सेमीफाइनल में पहुंच गई है। उसने शुक्रवार रात दूसरे दूसरा क्वार्टर फाइनल में बेल्जियम को 2-1 से हराया। अब उसका सामना फ्रांस से होगा। यह मैच 14 जुलाई की रात 12:30 बजे खेला जाएगा।

लॉस एंजिल्स स्टेडियम में स्पेन और बेल्जियम का मुकाबला 87 मिनट तक 1-1 से बराबरी पर था। 88वें मिनट में सब्स्टीट्यूट खिलाड़ी मिकेल मेरिनो ने विजयी गोल दागा। स्पेन के पाउ क्यूबार्सी की किक बेल्जियम के रिजर्व गोलकीपर सेने लामेन्स के हाथ से छूट गई। मेरिनो ने रिबाउंड पर गोल कर दिया।

स्पेन की टीम वर्ल्ड कप इतिहास में तीसरी बार सेमीफाइनल में पहुंची है। उसने पिछली बार 2010 में इस दौर में जगह बनाई थी। उस एडीशन में स्पेन ने नीदरलैंड को 1-0 से हराकर पहला खिताब जीता था।


आज रात 2:30 बजे से नार्वे-इंग्लैंड और कल सुबह 6:30 बजे से अर्जेंटीना-स्विटजरलैंड के बीच क्वार्टर फाइनल मैच खेले जाएंगे। इन मैचों से दूसरे सेमीफाइनल की टीमें तय होंगी।

चार्ल्स डी केटेलेरे ने स्पेन के गोलकीपर उनाई सिमोन के लगातार 650 मिनट तक गोल नहीं खाने का सिलसिला तोड़ दिया। सिमोन ने सबसे ज्यादा समय तक गोल नहीं खाने का रिकॉर्ड बनाया।

# अनिमेष विदेश में सबसे तेज 100 मीटर दौड़ने वाले भारतीय

### 10.14 सेकेंड में रेस पूरी की, जर्मनी में अपने रिकार्ड को बेहतर किया

वेट्जलार (जर्मनी), एजेंसी



अनिमेष कुजूर विदेश में सबसे तेज 100 मीटर दौड़ने वाले भारतीय बने हैं। उन्होंने शुक्रवार को जर्मनी में आयोजित वर्ल्ड एथलेटिक्स कॉन्टिनेंटल टूर चैलेंजर में 100 मीटर दौड़ 10.14 सेकेंड में पूरी की। 23 साल के अनिमेष ने विदेश में सबसे तेज दौड़ने के मामले में अपना ही रिकॉर्ड बेहतर किया है। यह उनका पर्सनल बेस्ट भी है। वह फाइनल में दूसरे स्थान पर रहे। साउथ अफ्रीका के आर. म्लेंगा 10.03 सेकेंड के साथ पहले स्थान पर रहे।

अनिमेष का 10.14 सेकेंड का समय भारत के इतिहास का दूसरा सबसे तेज 100 मीटर प्रदर्शन है। नेशनल रिकॉर्ड 10.09 सेकेंड का है, जिसे गुरिंदरवीर सिंह ने इसी साल रांची में फेडरेशन कप में बनाया था।

मई में फेडरेशन कप के दौरान भारतीय स्प्रिंट में बड़ा बदलाव देखने को मिला था। गुरिंदरवीर सिंह ने 10.17 सेकेंड का समय निकाला और अनिमेष का रिकॉर्ड तोड़ा। इसके बाद अनिमेष ने 10.15 सेकेंड दौड़कर उससे बेहतर प्रदर्शन किया। अगले ही दिन गुरिंदरवीर ने 10.09 सेकेंड का समय निकालकर भारत के सबसे तेज धावक बने।

अनिमेष कुजूर पहले ही 2026 कॉमनवेल्थ गेम्स के लिए भारत की 100 मीटर और 200 मीटर टीम में जगह बना चुके हैं। जर्मनी की प्रतियोगिता के बाद वे पोलैंड के स्पाला में भारतीय टीम के प्रशिक्षण शिविर से जुड़ेंगे। इसके बाद वे ग्लासगो में होने वाले कॉमनवेल्थ गेम्स में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे।

100 मीटर दौड़ का वर्ल्ड रिकॉर्ड जमैका के उसेन बोल्ट के नाम दर्ज है। उन्होंने यह रिकॉर्ड 2009 की वर्ल्ड एथलेटिक्स चैंपियनशिप में बनाया था। 1896 में मॉडर्न ओलिंपिक की शुरुआत हुई थी। 1928 तक 100 मीटर के चैंपियन श्वेत एथलीट रहे।

### पांचवां मैच आज, रोज बाउल में इंडिया अब तक नहीं हारी, टीम लगातार 6 मैचों से जीत का इंतजार कर रही

# भारत को हराकर इंग्लैंड नंबर 1 टी-20 टीम बन सकती है

साउथैम्पटन, एजेंसी

भारत और इंग्लैंड के बीच 5 मैचों की टी-20 सीरीज का आखिरी मुकाबला साउथैम्प्टन के रोज बाउल स्टेडियम में खेला जाएगा। मैच शाम 7 बजे शुरू होगा। इंग्लैंड ने सीरीज में 3-0 की अजेय बढ़त बना ली है। पहला मुकाबला बारिश की वजह से बेनतीजा रहा था, जबकि अगले तीनों मैच मेजबान टीम ने जीते।

8 मार्च 2026 को टी-20 वर्ल्ड कप जीतने के बाद भारत एक भी टी-20 मैच नहीं जीत सका है। टीम लगातार 6 मैचों से जीत का इंतजार कर रही है। अगर भारत यह मुकाबला हारता है तो पहली बार तीन या उससे ज्यादा मैचों की टी-20 सीरीज गंवाएगा। दूसरी ओर, इंग्लैंड जीत के साथ भारत को पीछे छोड़कर टी-20 रैंकिंग में नंबर-1 टीम बन जाएगा। 15 साल के वैभव सूर्यवंशी अब तक तीन टी-20 इंटरनेशनल में सिर्फ 42 रन ही बना सके हैं। उन्होंने क्रमशः 14, 13 और 15 रन की पारियां खेली हैं। इस मैच में भारत पर इंग्लैंड से लगातार चौथा मैच हारने का खतरा है। टीम ने टी-20 में इंग्लैंड के खिलाफ लगातार चार टी-20 मैच कभी नहीं गंवाए हैं। हालांकि, टीम तीसरी बार लगातार तीन मैच हारी है। दोनों के बीच कुल 34 मैच खेले गए हैं, इनमें इंडिया ने 18 मैच जीते हैं। जबकि, 15 मैच हारे हैं। जबकि, अंग्रेजों के घर में रिकॉर्ड उलटा है। इंग्लैंड में दोनों टीमों ने 13 मैच खेले हैं, इनमें से 8 मेजबानों ने जीते। 4 हारे हैं। विकेटकीपर-बल्लेबाज ईशान किशन ने इस साल 19 मैचों में 611 रन बनाए हैं। इस दौरान उनका स्ट्राइक रेट 185.15 रहा है। ईशान ने एक शतक और 4 अर्धशतक भी लगाए हैं। तेज गेंदबाज नई गेंद से विकेट निकाल रहे हैं, लेकिन महंगे भी साबित हो रहे हैं।





**श्रेयस अय्यर कप्तान बनने के बाद अब तक एक भी टी-20 इंटरनेशनल नहीं जीत सके हैं। हालांकि, उन्होंने मौजूदा सीरीज में दो अर्धशतक लगाए हैं। पिछले मुकाबले में उन्होंने 49 गेंदों पर नाबाद 80 रन बनाए थे।**

#### रोज बाउल में भारत का रिकॉर्ड शानदार

भारत ने रोज बाउल स्टेडियम में अब तक सिर्फ एक टी-20 इंटरनेशनल खेला है और उसे जीता है। 7 जुलाई 2022 को खेले गए मुकाबले में हार्दिक पंड्या के ऑलराउंड प्रदर्शन (51 रन और 4 विकेट) की बदौलत भारत ने इंग्लैंड को 50 रन से हराया था। इसी मैच में अर्शदीप सिंह ने टी-20 इंटरनेशनल डेब्यू किया था।

## मनोरंजन

# शाहरुख खान ने दिल्ली में खरीदा 37 करोड़ का घर


### शादी के बाद इसी घर में रहे, पत्नी गौरी खान ने खुद डिजाइन किया

नई दिल्ली, एजेंसी

बॉलिवुड अभिनेता शाहरुख खान दक्षिण दिल्ली के पॉश इलाके पंचशील पार्क स्थित उस पूरी बिल्डिंग के अकेले मालिक बन गए हैं, जहां उन्होंने शादी के बाद अपनी जिंदगी की शुरुआत की थी। एक्टर के पास इस रिहायशी प्रॉपर्टी का बेसमेंट और पहला फ्लोर पहले से था। अब उन्होंने इसके दूसरे और तीसरे फ्लोर को भी खरीद लिया है। मनीकंट्रोल की रिपोर्ट के मुताबिक, शाहरुख ने इन अतिरिक्त फ्लोर के लिए करीब 37 करोड़ रुपए चुकाए हैं। यह घर शाहरुख और गौरी खान के लिए बेहद खास है, क्योंकि 1991 में शादी के बाद मुंबई शिफ्ट होने से पहले वे इसी घर में रहते थे।

हरुख खान और गौरी खान की शादी 25 अक्टूबर 1991 को हुई थी। उनकी शादी तीन अलग-अलग रीति-रिवाजों से हुई थी, जिसमें कोर्ट मैरिज, पारंपरिक हिंदू शादी और निकाह शामिल था। शादी के तुरंत बाद यह कपल इसी घर में रहने लगा था। इसके कुछ समय बाद शाहरुख फिल्मों में फुल-टाइम करियर बनाने के लिए मुंबई शिफ्ट हो गए थे। यही वजह है कि इस घर से दोनों का गहरा भावनात्मक जुड़ाव है।

गौरी खान ने एक पुराने इंटरव्यू में इस घर के महत्व के बारे में बात की थी। उन्होंने बताया था कि वे दिल्ली से हैं और उन्होंने अपनी जिंदगी का एक बड़ा हिस्सा यहीं बिताया है। इसलिए वे अपनी मां के घर के पास एक ऐसा घर खरीदना और डिजाइन करना चाहती थीं, जहां परिवार की सारी यादें एक छत के नीचे रह सकें। गौरी के मुताबिक, इस घर का हर कोना उन्हें बच्चों के बड़े होने के अलग-अलग दौर की याद दिलाता है। गौरी खान ने बताया था कि घर में एक 'नॉस्टैल्जिया वॉल' यानी यादों की दीवार बनाई गई है, जहां बच्चों के बचपन की चीजें रखी हैं।







#### 37 करोड़ रुपए में पूरी हुई यह डील


यह प्रॉपर्टी दक्षिण दिल्ली के सबसे महंगे रिहायशी इलाकों में से एक पंचशील पार्क में स्थित है। यह पूरा प्लॉट करीब 1,200 स्क्वायर यार्ड (लगभग 10,800 स्क्वायर फीट) में फैला हुआ है। रिपोर्ट के अनुसार, इस नए सौदे की कीमत करीब 37 करोड़ रुपए तय की गई है, जिसमें जमीन की कीमत लगभग 34,260 रुपए प्रति स्क्वायर फीट आंकी गई है। इस नए अधिग्रहण के बाद अब पूरी बिल्डिंग का मालिकाना हक आधिकारिक तौर पर शाहरुख खान के पास आ गया है।

# ऑस्ट्रेलिया में हनीमून मनाएंगे न्यूलीवेड आमिर खान-गौरी स्प्रैट

### बेटे आजाद और क्विन भी साथ जाएंगे

नई दिल्ली। बॉलीवुड के मिस्टर परफेक्शनिस्ट आमिर खान ने 5 जुलाई को गर्लफ्रेंड गौरी स्प्रैट से शादी कर ली है। शादी के बाद अब कपल हनीमून के लिए ऑस्ट्रेलिया रवाना होने वाले हैं। ये एक वर्क ट्रिप भी होने वाली है, जिसमें आमिर के बेटे आजाद और गौरी के बेटे क्विन भी साथ रहेंगे।

डेक्कन क्रॉनिकल की रिपोर्ट के मुताबिक, आमिर खान और गौरी स्प्रैट अपने-अपने बेटों के साथ ऑस्ट्रेलिया रवाना हो रहे हैं। क्विन और आजाद भी ट्रिप का हिस्सा हैं। बताया जा रहा है कि आमिर इस यात्रा को अपने काम के साथ-साथ शादी के बाद के हनीमून के रूप में भी प्लान कर रहे हैं। इस दौरान दोनों परिवारों के बच्चों को एक-दूसरे के साथ समय बिताने का मौका मिलेगा और आमिर भी क्विन के साथ क्वालिटी टाइम बिता सकेंगे।



मेलबर्न की यह यात्रा आमिर और गौरी की निजी रजिस्टर्ड शादी के एक सप्ताह से भी कम समय बाद हो रही है। दोनों ने 5 जुलाई को बांद्रा स्थित आमिर के घर पर बेहद सादगी से शादी की थी। इस निजी समारोह में केवल करीबी दोस्त, परिवार के सदस्य और उनके बच्चे ही शामिल हुए थे।

### माही वे गाने पर ब्राइड्समेड के साथ थिरकीं, जान्हवी कपूर, सोनाक्षी समेत कई सेलेब्स हुए शामिल

# दोस्त आकांक्षा रंजन के संगीत में आलिया ने दी परफॉर्मेंस

**आयोजन**

नई दिल्ली। आलिया भट्ट की बेस्टफ्रेंड और एक्ट्रेस आकांक्षा रंजन जल्द ही शादी करने वाली हैं। शुक्रवार को मुंबई में उनकी मेहंदी सेरेमनी और संगीत का आयोजन किया गया, जिसमें आलिया भट्ट, सोनाक्षी सिन्हा, जान्हवी कपूर, वाणी कपूर, गुरू रंधावा समेत कई सेलेब्स शामिल हुए हैं। इस दौरान आलिया ने दोस्त के लिए डांस परफॉर्मेंस दी है। आलिया भट्ट ने आकांक्षा रंजन की बहन अनुष्का रंजन, आदित्य सील और वाणी कपूर के साथ शाहरुख खान की फिल्म कल हो न हो के गाने माही वे पर परफॉर्मेंस दी है।





> आलिया भट्ट ने आकांक्षा की संगीत सेरेमनी में पर्पल बनारसी साड़ी को वेस्टर्न स्टाइल में स्टाइल किया है। स्लीक बन, मिनिमल मेकअप और जूलरी के साथ आलिया ने लुक कंप्लीट किया है।



#### आलिया की बचपन की दोस्त हैं आकांक्षा रंजन

आलिया भट्ट और आकांक्षा रंजन बचपन की दोस्त हैं। दोनों अक्सर साथ पार्टी करते और वेकेशन पर जाती हैं। आकांक्षा से पहले उनकी बहन अनुष्का की शादी में भी आलिया बढ़-चढ़कर शामिल हुई थीं। उन्होंने अनुष्का की संगीत में छलका रे गाने पर परफॉर्मेंस दी थी।

#### कौन हैं आकांक्षा रंजन

आकांक्षा रंजन एक्टर और डायरेक्टर शशि रंजन की छोटी बेटी हैं, जबकि उनकी मां अनु रंजन इंडियन टेलीविजन एकेडमी की फाउंडर हैं।

आकांक्षा की बड़ी पहन अनुष्का रजंन की शादी, एक्टर आदित्य सील से हुई है, जो तुम बिन 2 में नजर आ चुके हैं।

आकांक्षा ने व्हिस्लिंग वुड्स इंटरनेशनल स्कूल से पढ़ाई की है।

उन्होंने 2020 की फिल्म गिल्टी से एक्टिंग डेब्यू किया था, जिसमें कियारा आडवाणी लीड रोल में थीं।

आकांक्षा मोनिका ओ माय डार्लिंग में भी नजर आ चुकी हैं।

